हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 दिसंबर, 2025



# नए वर्ष के जश्न पर रहेगा पुलिस का पहरा...छह सौ पुलिस कर्मचारी संभालेंगे सुरक्षा, ड्रोन से होगी निगरानी, जिले को सेक्टर में बांटकर अफसरों को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कल रात को मनाए जाने वाले नए साल के जश्न से पहले पुलिस महकमे ने अपनी तैयारियों पूरी कर ली है। एसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस अफसरों की बैठक कर पूरा प्लान तैयार कर लिया है। जिसके अनुसार जिले को अलग-अलग सेक्टर में बांटकर उनका जिम्मा राजपत्रिक अफसरों को बांटा गया है। इसके साथ ही धार्मिक स्थल और पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की विशेष टीमों को तैनात किया जाएगा। पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था संभालने का जिम्मा साढ़े छह सौ अफसर-कर्मचारियों पर रहेगी। इसके साथ ही अंदरुनी इलाकों तक अपनी नजर बनाए रखने के लिए पुलिस टीम ड्रोन कैमरों की भी मदद लेगी।

पुलिस महकमे से मिली जानकारी के अनुसार ढाबा, होटल संचालकों की बैठक ली जा चुकी है। सभी को सुरक्षा के मद्देनजर इंतजाम करने कहा गया है। इसके साथ ही पुलिस अफसरों की बैठक में यह भी तय हुआ है कि संपूर्ण जिले को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर का प्रभार राजपत्रित अधिकारियों को सौंपा गया है, जिससे हर स्तर पर प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। किसी भी सूचना अथवा शिकायत हेतु नववर्ष के अवसर पर विशेष हेल्पलाइन नंबर 9479246435 जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस कंट्रोल रूम से 9479192199 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## नए साल पर मनगटा सहित धार्मिक और पिकनीक स्पॉट पर भी विशेष टीम रहेगी तैनात

### सड़क पर भी टीम

किसी भी त्योहार के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने से हादसे की आशंका बनी रहती है। यहीं कारण है कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 60 पुलिस कर्मियों की विशेष यातायात टीम तैनात की गई है, जो शराब पीकर वाहन चलाने, काली फिल्म-ब्लैक शीट लगे वाहनों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर ली गई है।

**मंदिरों में रहेगी फोर्स :** 1 जनवरी के मद्देनजर पर्यटन स्थलों, मंदिरों, बांधों, पिकनिक स्पॉट्स एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की गई है।



होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने, संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने एवं परिसरों के दुरुपयोग को रोकने संबंधी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार रेंटल सेवाओं को वाहन देने से पूर्व समुचित सत्यापन अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नववर्ष के दृष्टिगत जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में अतिरिक्त पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

### घायलों के लिए कीट

आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिला अस्पताल के समन्वय से 50 पुलिसकर्मियों को सीपीआर एवं फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। एसपी कार्यालय द्वारा 25 प्राथमिक उपचार किट पुलिस वाहनों एवं पेट्रोलिंग पार्टियों को उपलब्ध कराई गई हैं। प्रशासन के समन्वय से एंबुलेंस सेवाएं तैनात की गई है तथा नववर्ष के मद्देनजर विभिन्न थानों को अतिरिक्त वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में पैदल गश्त, बाइक पेट्रोलिंग एवं वाहन पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी।

### ड्रोन की मदद से होगी निगरानी

कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं पर्यटन स्थलों पर ड्रोन कैमरों एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी। जिले के प्रमुख प्रवेश एवं निकास मार्गों पर नाकाबंदी कर सघन जांच जारी है। इसके साथ ही मंगगटा क्षेत्र में आज कल तथा 1 जनवरी को 24 घंटे के लिए मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी।

### गुंडा-बदमाश पर एक्शन

जिले में चिन्हांकित गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध निरंतर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है तथा उनकी गतिविधियों पर सतत नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को पूर्व में ही रोका जा सके।

### साढ़े छह सौ कर्मियों की तैनाती

नए साल के जश्न पर पहरा रखने के लिए साढ़े छह सौ अफसर-कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसमें 9 राजपत्रित अधिकारी, 20 निरीक्षक एवं लगभग 600 पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संपत्ति बेचने के नाम पर विवाद, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पैतृक संपत्ति को बेच कर शराब के लिए पैसे की मांग करते हुए विवाद करने पर पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला में क्षेत्रार्गत शराब , जुआ व अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही हैं , एवं सूचना पाकर तत्काल कार्यवाही कर निराकरण किया जा रहा हैं । इसी दौरान ग्राम छुरिया डोंगरी से शिकायतकर्त्ता के शिकायत पर संज्ञान लिया गया ,शिकायत जांच के दौरान अनावेदक के द्वारा अपने ही माता-पिता को पैतृक संपत्ति जमीन को बेच कर शराब पीने हेतु पैसों की मांग कर रहा था ,मना करने पर शराब के नशे में वाद विवाद कर गाली गलौज करने से व संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका होने से अनावेदक के गिरफ्तारी की कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक भुषण यादव उम्र- 33 साल , निवासी ग्राम छुरिया डोंगरी , को धारा- 170 बीएनएसएस के तहत गिर0 कर धारा- 126 , 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार न्यायालय में पेश किया हैं।

### रात का तापमान पहुंचा 8 डिग्री, बढ़ने लगी ठंड



**राजनांदगांव।** उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के चलते अंचल में तापमान लगातार लुढ़कने लगा है। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री पर दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से लगभग चार डिग्री कम है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 5 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री तक का इजाफा संभावित है। जिससे ठंड का कहर भी थोड़ा कम होने की उम्मीद है। वहीं अंचल का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेश के मध्य हिस्सें में शीत लहर चलने की संभावना जताई गई है। जिसका असर जिले में भी देखने को मिल सकता है।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने शुरू किया काम बंद कलम बंद हड़ताल

# स्कूलों में पढ़ाई और अस्पताल में इलाज प्रभावित, प्रशासनिक कामकाज अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शासकीय कमकाज बेपटरी हो गई है। हड़ताल के चलते आज स्कूलों में अधिकांश टीचर नहीं पहुंचे, जिससे पढ़ाई ठप हो गई, तो वही अस्पताल में भी इलाज प्रभावित रहा। लंबे समय से अपनी 11 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे शासकीय अधिकारी, कर्मचारी आज से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे शासकीय दफ्तर में कामकाज ठप है। शहर के कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने फ्लाईओवर के नीचे अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए शासकीय कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी लागू करने मांग की गई।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल किया जा रहा है। शनिवार, रविवार अवकाश रहने के बाद अब सोमवार से बुधवार तक हड़ताल किया जा रहा है। ऐसे में 5 दिनों तक सरकारी दफ्तरों का कामकाज प्रभावित हो गया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 37 संगठनों के कर्मचारी अधिकारी हड़ताल पर हैं। तीन दिवसीय इस हड़ताल को लेकर फेडरेशन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे और जिला महासचिव पीआर झाडे.ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने जो अपने घोषणा पत्र में वादे किए थे, उसे पूरा नहीं किया है। वहीं डीए, एरियर्स, अवकाश नगदी कारण, अनुकंपा नियुक्ति, नियमितिकरण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह हड़ताल किया जा रहा है।





### दफ्तरों में लटका रहा ताला, खाली रही कुर्सियां

शासकीय-अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कलेक्ट्रेट कार्यालय के कई दफ्तरों में आज ताला बंद रहा । वहीं अधिकांश दफ्तरों की कुर्सियां खाली रही। शनिवार रविवार 2 दिन अवकाश होने के बाद सोमवार को दफ्तर खुलने पर अपना काम लेकर पहुंचने वाले लोग निराश होकर वापस लौटे।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कलेक्ट्रेट, स्कूल, अस्पताल, पंचायत, राजस्व सहित विभिन्न शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल पर जाने की वजह से व्यवस्था बिगड़ गई है। हड़ताल को संबोधित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कर्मचारी-अधिकारियों की मांगें पूरी करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन सरकार बने दो साल बीत जाने के बाद भी मांगों पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पदाधिकारियों ने इसे वादाखिलाफी बताते हुए तीन दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर फेडरेशन से चर्चा कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**हड़ताल में 11 सूत्रीय मांग:** केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों और पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करने, डीए, एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, सभी कर्मचारियों को 4 स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर कर पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिये जाने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किये जाने, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10% सीलिंग में शिथिलीकरण किये जाने, चिकित्सा में कैशलेस सुविधा लागू करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस किये जाने, दैनिक, अनियमित और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाने सहित अन्य मांगे है ।

# चेकिंग अभियान 36 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नववर्ष आगमन से पूर्व पुलिस ने असामाजिक तत्व गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत 36 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा 29 दिसंबर को प्रातः 6 बजे व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जिले में सक्रिय गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 36 गुंडा-बदमाशों के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान

अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 6,थाना लालबाग पुलिस द्वारा 7,थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 15,थाना सोमनी पुलिस द्वारा 6, चौकी चिखली पुलिस द्वारा 6 ,कुल 36 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से की गई है।

# शराब पीने सुविधा उपलब्ध कराया, तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे के किनारे ढाबा में पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान तीन ढाबा संचालकों के द्वारा शराब सेवन के लिए सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर कार्रवाई की है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान कार्रवाई किया जा रहा है।

**रात में पुलिस ने की चेकिंग**



अभियान के तहत 28 दिसंबर को रात्रि में होटल-ढाबा चेकिंग के दौरान ग्राम देवादा जीई रोड किनारे स्थित रॉयल रसोई ढाबा, हमारा ढाबा, शेरे पंजाब ढाबा में अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर अनावेदक मानिक चंद्रदास उम्र 37 साल निवासी सर्वे न 3/6 बुमकर बस्ती मारूती मंदिर के पास हिंजेवाडी पुणे थाना हिंजेवाडी (महाराष्ट्र) हाल पता रॉयल रसोई देवादा, दीपक यादव उम्र 33 साल निवासी राजीव नगर वार्ड नं. 2 केजु राईस मिल चौक थाना कोतवाली दुर्ग हाल पता हमारा ढाबा देवादा, चरण प्रीत सिंग भामरा उम्र 25 साल निवासी आर्य नगर वार्ड नं. 13 थाना मोहननगर जिला दुर्ग हाल पता - शेरे पंजाब ढाबा देवादा। उपरोक्त तीनों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। साथ ही शांति व्यवस्था कायम करने हेतु अनावेदकों को 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ़्तार कर प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय पेश किया गया है।

# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- जिले के डोंगरगढ़ थाना का मामला
- छह साल से थी आपस में बातचीत, शादी का प्रलोभन




शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने 22 दिसंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नीरज देवांगन से वर्ष 2019 से जान पहचान हुई थी। जिसका फोन पर बात करते थे। नीरज देवांगन शादी करूंगा कहकर शादी का प्रलोभन देकर डोंगरगढ़ लॉज में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। रिपोर्ट पर धारा-69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी नीरज देवांगन उम्र 25 साल निवासी दीवान टोला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी नीरज देवांगन के द्वारा अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है।

## माए एंगल




## 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति का समय, इसी दौरान निराकरण भी

# एसआईआर...दावा-आपत्ति के पहले सप्ताह में ही डेढ़ हजार से अधिक लोगों के आवेदन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जिले में पिछले चार नवंबर से शुरु हुई एसआईआर के तहत गणना पत्रक जमा करने की अवधि समाप्त होने के बाद अब जिले में मतदाताओं से दावा-आपत्ति लेने का दौर शुरु हो गया है। पिछले एक सप्ताह से जारी इस प्रक्रिया के तहत जिले में अब तक डेढ़ हजार से अधिक आवेदन भी जमा हो गए है।

हालांकि इसमें लगभग आवेदन नाम जुड़वाने को लेकर है। इसमें 18 साल की उम्र पूरा कर पहली बार मतदाता बनने वाले भी शामिल है। ज्ञात हो आगामी 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति लेने के लिए शिविर लगाए गए है। इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम एसआईआर की प्रारंभिक सूची में नहीं आया है। वे अपने दस्तावेज जमा कर नए मतदाता के रुप में फार्म छह भरकर नाम जुड़वा सकते है।

## इस दौरान नए मतदाता भी जुड़वा सकेंगे अपने नाम

### खास बातें

- 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक दावा आपत्ति का समय
- निराकरण के बाद 21 फरवरी को जारी की जाएगी मतदाताओं की अंतिम सूची



### सी श्रेणी के वोटर को जारी हो रही नोटिस

ज्ञात हो एसआईआर के बाद वोटर्स को तीन श्रेणी में बांटा गया है। इसमें सी श्रेणी में रखें गए मतदाताओं को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के जरिए नोटिस जारी कर अधूरे दस्तावेज को पूरा करने कहा जा रहा है। ज्ञात हो जिले में लगभग 18 हजार वोटर्स को सी श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें नोटिस दी जा रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



अंचल के प्रथम एवं एकमात्र मधुमेह (डायबिटीज) थायरॉइड एवं हार्मोन के सुपर स्पेशलिस्ट (DM)

जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे

डॉ. रजत देब
कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट
(व्यस्क एवं बाल चिकित्सक)
डीएम एंडोक्राइनोलॉजी (कोलकाता)
एमडी मेडिसिन, एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट)

: अनुभव :
नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज, कोलकाता
महात्मा गांधी अस्पताल, इंदौर

– रोग / लक्षण के लिए संपर्क करें –
• हाई कोलेस्ट्रॉल • मोटापा • इंसुलिन से संबंधित जानकारी • बच्चों में छोटा कद • पीसीओडी • कमजोर हड्डियाँ • पुरुषों में स्तन वृद्धि • सेक्युअल डिसफंक्शन • महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### बाबा ने दिया सत्य और सदभाव का संदेश



**सड़क अतरिया।** ग्राम बेलगांव में शनिवार को गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जैत खाम की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात श्री सिंह ने जैतखाम में झंडा फहराया। इस मौके पर श्री सिंह ने गुरु घासीदास के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि गुरु घासीदा के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने वाले हैं। इस अवसर पर गंडई मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, नर्मदा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, किशुन मिर्चे, डोमार भेड़िया, भीखू हिरवानी, अवधेश मिश्रा, सुमन पाटले, बालकिशन जंघेल, प्रकाश जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्पर्धा में वार्ड तीन की टीम विजेता



**मुसरा।** ग्राम भानपुरी में गत दिनों क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम के रोशन वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए वार्ड नं 3, द्वितीय 5001 रूपए वार्ड 8 एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए वार्ड नं 6 की टीम को मिला।प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

### बाल विवाह पर रोक की शपथ



**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके देवांगन ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि प्रतिबंध होने के बावजूद प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों और लड़कों का विवाह हो रहा है जिसके गंभीर परिणाम भविष्य में भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करने का आव्हान किया। व्याख्याता अजय पाठक नव्विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, बिंदु पटेल आदि उपस्थित थे।

### घासीदास ने दिखाया सत्य की राह



**छुरिया।** शिकारीमहका में गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, कुंदन बडोले, राजेश्वर ध्रुवे, विमला सिन्हा, मनोहर कोठारी शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने कहा कि गुरू घासीदास ऐसे महान संत थे जिन्होंने सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उनका पूरा जीवन दलित, वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। श्री ध्रुवे ने भी अपने विचार रखा। इस अवसर पर संदीप साहू, दिनेश साहू,पवन खिलाड़ी, दयादास, बैसाखू सिन्हा, मयाराम सिन्हा, संतराम, गोविंद, माखन देशलहरे सहित बड़ी संख्या समाजिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समिति प्रबंधकों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश

# धान खरीदी का लिया जायजा किसानों से रूबरू हुए विधायक

## किसानों ने परेशानियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने सोमवार को करीब आधा दर्जन सोसायटियों में जाकर धान खरीदी का जायजा लिया साथ ही किसानों से रूबरू होकर धान बेचने में आ रही परेशानियों की जानकारी लिया। इस दौरान किसानों ने दिक्कतों से अवगत कराकर समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया।

जानकारी के अनुसार विधायक साहू ने सोमवार को तुमड़ीबोड़, कोहका, दीवानभेड़ी, अर्जुनी, किरगी और सोनेसरार सोसायटी पहुंचकर वर्तमान धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक के पहुंचने पर कांग्रेसजनों एवं किसानों ने आत्मीय स्वागत किया। विधायक ने विभिन्न सोसायटियों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर दिक्कतों के बारे में पूछताछ किया। जानकारी के अनुसार किसानों ने विधायक को बताया कि भू स्वामी की मृत्यु होने पर उसके परिजन धान नहीं बेच पा रहे हैं वहीं बड़े किसानों ने बताया कि धान बेचने के लिए तमाम प्रक्रिया पूरी करने के बाद पहली बार तो उन्हे कुछ मात्रा में धान बेचने के लिए टोकन तो मिला किन्तु अब टोकन नहीं मिलने से वह धान नहीं बेच पा रहे हैं।



### सूची चस्पा करने के निर्देश

आफलाईन टोकन जारी करने में चल रहे खेल की लगातार शिकायत मिलने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए समिति प्रबंधकों को प्रतिदिन होने वाली खरीदी की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए।

### रकबा कटौती की सर्वाधिक शिकायत

निरीक्षण के दौरान अधिकांश सोसायटियों में किसानों ने रकबा कटौती की शिकायत विधायक से की। किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी जमीन का पंजीयन कराया था किन्तु अब सिस्टम में कम रकबा शो होने से वह धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि शिकायत के बाद रकबा में सुधार नहीं हो रहा है। उनका कहना था कि यह स्थिति बनी रही तो वह आगामी 30 जनवरी तक पूरा धान नहीं बेच पाएंगे। वहीं कुछ किसानों ने आफ लाईन टोकन काटने की प्रक्रिया को लेकर भी शिकायत की। उन्होंने बताया कि आफ ़ाईन टोकन काटने में पक्षपात किया जा रहा है। वहीं जनप्रतिनिधियों के इशारे पर धान खरीदने में भी भेदभाव किया जा रहा है। इस दौरान जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, गुलाब वर्मा, ब्लाक इंका के पूर्व अध्यक्ष बलीराम साहू, चेतन साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, लीलेश पटेल, भुवाल साहू, संजय संचेती, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, रामभरोसा, देवेन्द्र साहू, रौशन पटेल, रौशन साहू, मदन साहू, लेखूराम, लीलम गोस्वामी आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सड़क उखड़ी, बढ़ी घुमका क्षेत्र के ग्रामीणों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले घुमका ब्लाक के ग्राम बोटेपार से खजरी तक सड़क ग्रामीणों के लिए खतरे का रास्ता बन गई है। बोटेपार से खजरी तक लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क में गड्ढे ज्यादा नजर आते है। वर्षों पहले इस मार्ग पर सिर्फ गिट्टी और मुरूम डालकर छोड़ दिया गया था। अब यह सड़क जर्जर हो गई है।

ग्राम की सुशीला दाई बताती है कि इसी सड़क पर गिरने से उसका पैर टूट गया था और वह दो महीने तक बिस्तर पर रही। इलाज और घर की जिम्मेदारी ने परिवार को तोड़ दिया। कई बार सरपंच से शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम के नारायण वर्मा बताते हैं कि करीब 20-25 साल बोटेपार और खजरी एक ही पंचायत में थे, तब तत्कालीन सरपंच ने इस सड़क पर गिट्टी-मुरूम डलवाया था। उसके बाद आज तक डामरीकरण नहीं हो सका।

### परेशान हो रहे किसान

जानकारी के अनुसार बोटेपार के किसान धान उपज बेचने पटेवा सोसायटी जाते हैं, जो लगभग 6 किलोमीटर दूर है। सड़क के खराब होने से ट्रैक्टर से जाना जोखिम भरा है, इसलिए उन्हें 16 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है जिससे उन्हे नुकसान होता है। सड़क के जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीण सरकारी दफ्तर से लेकर राजनेताओं का दरवाजा खटखटा चुके है किन्तु अब तक पहल नहीं हो सकी है।

### मामला विस तक पहुंचा

इस मामले पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सरकार पर हमला बोला है। विधायक ने बताया कि बोटेपार से खजरी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति 2022-23 में मिल चुकी थी। टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई थी लेकिन सरकार बदलते ही इस सड़क को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विधायक ने विधानसभा में इस सड़क का सवाल उठाया तो बताया गया कि सड़क चलने योग्य है, जबकि जमीनी सच्चाई बिल्कुल उलट है। विधायक बघेल ने कहा कि सरकार कागजों में विकास कर रही है।

# तेज रफ्तार हाईवा खेत में पलटा, चालक की मौत



**गंडई पंडरिया।** गंडई थाना अंतर्गत ग्राम बिरनपुर कला के पास एक भीषण सड़क हादसे में हाईवा चालक की मौत हो गई। घटना शनिवार की है। एक तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरा। हादसे में चालक वाहन के दब गया और उसने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक महेंद्र कुमार साहू हाईवा को लेकर गंडई आ रहा था। ग्राम बिरनपुर कला के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार हाईवा सड़क किनारे खेत के गड्ढे में उतर गया। वाहन इतना तेज था कि वह खेत के मेढ़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाईवा के सामने का कांच टूट गया और चालक महेंद्र कुमार साहू छिटककर वाहन के सामने जा गिरा। अनियंत्रित हाईवा का अगला पहिया चालक पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही कोटवार खेमदास मानिकपुरी मौके पर पहुंचा। आनन-फानन में एम्बुलेंस की सहायता से घायल चालक को सरकारी अस्पताल गंडई लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के कर मृत घोषित कर दिया।

# कड़े प्रावधान से शिक्षकों को पेंशन का लाभ नहीं

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने संविलियन के दौरान 20 साल की सेवा को शून्य किए जाने पर आपत्ति जताया है। विभाग के इस फैसले से शिक्षक पेंशन के लाभ से वंचित हो रहे हैं क्योंकि छत्तीसगढ सामान्य प्रशासन विभाग 1965 के अनुसार पूर्ण पेंशन के लिए 33 साल की सेवा अवधि पूर्ण करना जरूरी है।न्यूनतम 10 की सेवा उपरांत अनुपातिक पेंशन का लाभ मिलेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि 2018 में संविलियन किए गए कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। एक जुलाई 2018 से सेवा अवधि की गणना करने के कारण हजारों शिक्षकों को न्यूनतम पेंशन की पात्रता से वंचित होना पड़ रहा है। स्पष्ट नियमावली नही होने के कारण सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों के परिजन संकट के दौर से गुजर रहे है क्योंकि पेंशन के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अनिवार्य है। नियमो में पेच के चलते 1998 से नियुक्त शिक्षकों का पेंशन पाना सपना बन गया है। संघ के शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, चंद्रिका यादव, बृजेश वर्मा, महेश ठाकुर, ईश्वर मंडावी, गोपी वर्मा, महेश ऊईके, राजेश साहू, संदीप साहू, रतिराम कन्नौजे, आदित्य तिवारी, दिनेश कुरैटी, गिरीश हिरवानी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा आदि ने सरकार से प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना कराने की मांग की है।

# नाम बदलने के विरोध में धरना

- कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेसजनों ने मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में तहसील कार्यालय के समक्ष धरना देकर अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने गरीब, किसान एवं श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान किया। पूर्व में इस योजना के तहत 100 दिनों का रोजगार दिया जाता था।

राज्य सरकारों के सहयोग से लोगों को मजदूरी मिलती थी। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर इसके मूल उद्देश्य के साथ खिलवाड किया है।



योजना को मांग आधारित कर दिया गया है, जिससे जरूरतमंदों को पूरा लाभ नहीं मिलेगा। योजना में 60- 40 प्रतिशत का अनुपात तय करने से राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। उन्होंने योजना का नाम पूर्ववत रखने, मजदूरों को 125 दिनों तक रोजगार देने की मांग की है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में उपस्थित थे।

# धर्मार्थ अस्पताल से लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थापित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह 50 बिस्तरों वाला धर्मार्थ अस्पताल अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है।

यहां एमआरआई मशीन उपलब्ध हैं। इस अस्पताल के प्रारंभ होने से डोंगरगढ़ सहित आसपास के मरीजों को उपचार के लिए अब बड़े शहर नहीं जाना पड़ेगा।

ट्रस्ट का उद्देश्य कम खर्च में बेहतर इलाज सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि कमजोर वर्ग के लोग भी चिकित्सा करा सकें। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है, साथ देवी दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।



# नाली निर्माण से बाधित होगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अग्रसेन चौक के पास स्थित पालिका की दुकान को खाली कराकर एक निजी जमीन मालिक द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण से यातायात के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग की तैयारी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि अग्रसेन चौक के पास गाडी पडाव के नाम से खाली जमीनों पर पालिका ने लगभग 20 साल पहले दुकाने बनाया था। दुकानों के पीछे लाखों खर्च नाली निर्माण कर शहर के बाहर निकलने वाले नाले से जोडा गया था। जानकारी के अनुसार जमीन मालिक ने दुकानों का उच्च न्यायलय से मामला जीतने के बाद दुकानों को खाली करवा कर तुड़वा दिया है।



### सांठगांठ का आरोप

वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि सांठगांठ कर पालिका द्वारा संबंधित को फायदा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं राजस्व विभाग ने नियम दरकिनार कर छोटे छोटे प्लाट की रजिस्ट्री करने की अनुमति दे दी है। अब अधिकारी उच्च न्यायलय का फैसला बता कर पल्ला झाडने में लगे हैं।

## घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# शिक्षित, संस्कारित बच्चे करेंगे नाम रोशन : विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड क्रमांक ८ एवं ९ के सतनामी समाज एवं वार्डवासियों के तत्वावधान में रविवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस गरिमामय कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

जयंती समारोह की शुरुआत अपरान्ह ३ बजे वार्ड ८ स्थित गुरु घासीदास भवन से शोभायात्रा के साथ हुई। डीजे की धुन और पंथी नृत्य के साथ निकली शोभायात्रा में ग्राम चकनार की नया आविष्कार पंथी पार्टी के प्रदर्शन ने मन मोह लिया। शोभायात्रा ए-मार्केट और बाजार क्षेत्र से होते हुए मुख्य चौक और पुलिस लाइन से विश्राम गृह पहुंची। समापन सामाजिक भवन में हुआ।



### दिया समानता का संदेश

जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कर बेटा- बेटी में संस्कार होना बहुत जरूरी है। गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का जो संदेश दिया है वह समाज को जोड़ने का सबसे बड़ा सूत्र है। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ेंगे और संस्कारवान बनेंगे तभी समाज और देश का नाम रोशन होगा।

### मंच मरम्मत की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने सामाजिक भवन के मंच मरम्मत की मांग विक्रांत सिंह के समक्ष रखी। त्वरित निर्णय लेते हुए श्री सिंह ने मंच से ही नगर पंचायत के इंजीनियर को स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए और कार्य की स्वीकृति की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष जीवनदास रात्रे ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेश मेहता, लेखराम साहू, रवि भावनानी, लीला साहू, राकेश टंडन, संजय मनहरे, हुसैन खान, विक्की कुर्रे, दादू नागदोने, भानुप्रताप साहू, सावत देवांगन, बाला जंघेल, राजू, संतु महिलांगे, बऊदा धृतलहरे, सुरेश जोशी, उमेश बांधे, आशा कुर्रे, जितेंद्र बंजारे, राजेश चतुर्वेदी, आत्मा राम, चंद्रेश महिलांगे सहित अन्य मौजूद थे।

# बच्चों को बनाएं शिक्षित और संस्कारवानः मोना



**पटेवा।** इरईकला में तीन दिवसीय छत्तीसगढी लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान सांसद संतोष पांडेय, खूबचंद पारख, अभिनेत्री मोना सेन, जिपं सभापति किरण विनोद बारले, पवन शर्मा, डॉ सुनील साहू, परदेशी सोनबोईर, पद्मसिंह कोठारी, नरेन्द्र वर्मा आदि ने उपस्थिति दर्ज कराया। अभिनेत्री मोना सेन की 2 गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव नहीं एक प्रकार का त्यौहार हैं जिसने गांव के माहौल को दीपावली जैसा दिया। उन्होंने शिक्षा की महत्ता पर कहा कि लोग जितना ज्यादा पढ़ेंगे उतना अधिक प्रदेश और परिवार का विकास होगा। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। सासद पांडेय ने कार्यक्रम स्थल पर चेकर टाईल्स लगाने 5 लाख देने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### टाटेकसा मड़ई 31 को

**टाटेकसा।** ग्राम में आगामी 31 दिसम्बर को मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में महतारी के आंसू नाच पार्टी ग्राम संसारगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल नारायण साहू ,पीलेश साहू ने दी।

### ढाबा मड़ई 31 को

**मलईडबरी।** ग्राम ढाबा में आगामी 31 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए खलारी का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। सरपंच भोजकुमार ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

### नाम बदलने से नहीं मिटेगी कांग्रेस की पहचान

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस ने गत दिनों 141 वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने केंद्र सरकार पर जनहितैषी योजनाओं का नाम बदलने और उन्हें समाप्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना यह दर्शाता है कि भाजपा को राष्ट्रपिता के विचारों से आपत्ति है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार अब तक 30 से अधिक योजनाओं के नाम बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलेगी। कार्यक्रम में दुर्गेश द्विवेदी, विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, कमलेश वर्मा, नरेंद्र वर्मा, हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, नलिनी मेश्राम, विनायक राव, श्यामसुंदर हठीले ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रामजी तराने, पंचराम चंदेल, बेला सिन्हा, नेतराम साहू, दिनेतु जांगड़े, जगदेव साहू, बेला राम, इन्द्रजीत साहू, पावन साहू, द्वारिकासिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान

**मोहला।** अखिल भारतीय हल्बी हलबा आदिवासी समाज ने शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया। शक्ति की प्रतीक मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर सभी ने जनसमुदाय के लोकमंगल की कामना किया। इस अवसर पर समाज के प्रथम शहीद गैंदसिंह को याद किया गया। इस अवसर पर आराध्य देवी की पूजा कर शोभाकलश यात्रा निकाली गई। विधायक मंडावी ने ख्वास फड़की में सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने पंचाल फड़की, गुड़ाटोला, देहारी घोटिया, गुबियागढ़, भगवानटोला एवं दनगढ़ में आयोजित शक्ति दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हलबा समाज संगठित समाज है। समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना जरूरी है। गुड़ाटोला में शक्ति दिवस के अवसर पर हल्बा समाज ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुशीला भंडारी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, देवानंद कौशिक, दिनेश शाह मंडावी, ऋषभ ठाकुर, सागर सिन्हा, तनुज मंडल, भगवानीराम भंडारी, तुकाराम आर्य, ब्यास पिस्दा, संत बढ़ाई, मुकुंद कंवलिया, मन्नू रावटे, प्रेमसिंह चुरेंद्र, योगेश्वर कोठारी, नंदू तारम, कलीराम गावर, सरजूराम लाठिया, भारतलाल उमरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिपं अध्यक्ष की मांग पर सीएम ने लगाई मुहर

# गंडई क्षेत्र को उच्च स्तरीय दो पुलों की मिली सौगात

### पुल निर्माण से सुगम होगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के गंडई क्षेत्र में विकास की दृष्टि से बड़ी और बहुप्रतीक्षित उपलब्धि सामने आई है। जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के सतत प्रयास और सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा पर गंडई क्षेत्र में लगभग सात करोड़ रुपयों की लागत से दो उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

मुख्यमंत्री ग्राम सुराज अभियान के दौरान जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार व सांसद/अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने सीएम विष्णुदेव साय से गंडई क्षेत्र की भौगोलिक और जनहित से जुड़ी समस्याओं को अवगत कराते हुए उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग की थी। पहले पुल निर्माण की घोषणा किए जाने के बाद जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने राजधानी में सांसद संतोष पांडेय की मौजूदगी में सीएम को उनकी घोषणा का स्मरण कराया जिसके बाद दोनों पुलों के लिए अंतिम प्रशासकीय



स्वीकृति प्रदान की गई। कृतबांस सरपंच अमन झरिया, पूर्व सरपंच धनेंद्र पटेल, मुकेश धनकर और दुल्लापुर के सरपंच बलराम पटेल पूर्व सरपंच राजेलाल पटेल, अलख पटेल, सहित सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों ने सीएम विष्णु देव साय और सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण से गंडई क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी और इलाके के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

### जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं में खुशी

गंडई के कृतबांस क्षेत्र में सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल के लिए 3 करोड़ 42 लाख 83 हजार स्वीकृति मिली है। यह पुल बरसात के दिनों में बाधित होने वाले आवागमन को स्थाई समाधान सहित ग्रामीणों को राहत प्रदान देगा। इसी प्रकार लिमो दुल्लापुर मार्ग पर स्थित कर्रा नाला मे उच्च स्तरीय पुल के लिए 3 करोड़ 82 लाख 05 हजार रुपयो की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह मार्ग कृषि परिवहन, व्यापार और दैनिक आवागमन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, राकेश ताम्रकार, राकेश गुप्ता, प्रेम नारायण चंद्राकर, घम्मन साहू, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, संजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, लीला साहू, दूजे वर्मा, सुखदेव पटेल, पुष्पेंद्र देवांगन, श्यामपाल ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक

## कलेक्टर चंद्रवाल ने दी विस्तृत जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 26 के संबंध में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजनैतिक दलों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया है। जिले में गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा भी हो गया है। उन्होंने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 खैरागढ़ में 02 लाख 26 हजार 740 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ में 73 हजार 67 कुल मतदाता 2 लाख 99 हजार 810 है।

### खैरागढ़ विस में घटे 14818 मतदाता

एआईआर तहत जारी कार्यक्रम बाद प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ो मे खैरागढ़ विधानसभा मे कुल 2 लाख 26 हजार 743 का पुनरीक्षण किया जिसमे 2 लाख 11 हजार 925 मतदाता सामने आए इसके चलते 14 हजार 818 मतदाताओ की संख्या घट गई। 4 नवंबर से 23 दिसंबर तक जारी प्रक्रिया मे हर बूथ में मतदाताओं से गणना पत्रक जमा कराया गया इसमे अन्यत्र शिफ्ट होने वाले मतदाता 7721, मृत मतदाता 4528२ अन्य क्षेत्रो मे दर्ज 1333 है जबकि 1180 मतदाताओ को लेकर कोई जानकारी सामने नही आई। इसी तरह जिले में आने वाले डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 73067 का एसआईआर हुआ जिसमें 68 हजार 444 मतदाता मिले, 1527 मृत, 2087 अन्य जगहो पर शिफ्ट, 694 अनुपस्थित और 259 का नाम अन्य जगह पर पाया गया। यहॉ एसआईआर मे 4623 मतदाता नही मिले।

प्रारंभिक प्रकाशन बाद 2442 नो मेपिंग केटेगरी सी मतदाताओं को ईआरओ व एईआरओ द्वारा 24 दिसंबर 25 से नोटिस जारी किया जाएगा और मतदाताओं से दस्तावेज जमाकर उनका निराकरण किया जाएगा। जिले में कुल 19 हजार 441 एएसडी के मतदाता है जो प्रारंभिक प्रकाशन बाद मतदाता सूची में नहीं आएंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार 23 दिसम्बर 25 से 22 जनवरी 26 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। दावा-आपत्ति का निराकरण निर्वाचक रजिसट्रिकरण अधिकारी द्वारा 14 फरवरी 26 तक किए जाएंगा जिसके मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 26 को किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय वैष्णव सेवासंघ ने किया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके वैष्णव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजस्थान के जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छुईखदान छोटे राजा परिवार के लाल जेके वैष्णव का सम्मान किया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव ने गुरु परंपरा पद्धति को लेकर कहा कि वैष्णव का गुरु वैष्णव ही होना चाहिए। सभी वैष्णव जन जनेऊ पहनने, तिलक लगाकर तुलसी कंठी माला धारण कर उसके आध्यात्मिक महत्व को जानने समझने के साथ अन्य लोगों को भी समझाएं। भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा, प्रार्थना बाद बैठक प्रारंभ हुआ। राजधानी रायपुर में आयोजित पिछली बैठक को लेकर राष्ट्रीय महासचिव ओपी बैरागी ने प्रतिवेदन वाचन किया।




आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन उप्र अयोध्या में आयोजित करने पूर्व राज्य मंत्री योगेन्द्र महंत इंदौर को संयोजक बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यूके स्वामी दिल्ली, दीनदयाल वैष्णव अहमदाबाद, प्रभुलाल बैरागी भोपाल, विष्णुदत्त वैष्णव कोटा, सुनील रामावत सूरत, बद्रीप्रसाद अग्रावत, मयंक भास्कर, गोपाललाल वैष्णव, दशरथ शर्मा, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता बेन, चांदनी शर्मा, विद्या शर्मा, नीलिमा मनोहर बैरागी, निशा वैष्णव, श्रेया वैष्णव, संजय वैष्णव, अनिल देवमुरारी, कमल बैरागी, महेश वैष्णव, प्रशांत महंत सहित बड़ी संख्या में सेवासंघ के प्रदेश भर से आए पदाधिकारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# ढाबा, लॉज, रिसार्ट संचालक कानून-व्यवस्था बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने होटल, ढाबा, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालकों की बैठक आयोजित कर सीसीटीव्ही व्यवस्थित रखने सहित अन्य दिशा-निर्देश दिए गए। नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनसंवाद कक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन द्वारा होटल, ढाबा, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

### मानक अनुरूप साऊण्ड का उपयोग

बैठक में सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि नववर्ष की पूर्व संध्या एवं नववर्ष के दिन अपने-अपने संस्थानों में उचित पार्किंग व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित रखें। साथ ही नववर्ष समारोह अथवा पार्टी के दौरान मानक के अनुरूप साउंड सिस्टम का ही उपयोग करने के निर्देश दिए गए, अन्यथा कोलाहल अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई।



### निर्धारित समय पर करे बंद

सभी होटल, ढाबा, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालकों को रात्रि में निर्धारित समय तक संस्थान बंद करने के निर्देश दिए गए। होटल, लॉज एवं रिसॉर्ट में नाबालिग जोड़ों को कमरा उपलब्ध न कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। चेकिंग के दौरान उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पिलाने, उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

इसके अतिरिक्त होटल, लॉज एवं रिसॉर्ट में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर लेकर रजिस्टर संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपने संस्थानों में शराब पिलाने अथवा शराब उपलब्ध कराने की स्थिति में संबंधित संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी संचालकों से अपील की गई कि नववर्ष को शांतिपूर्ण, मर्यादित एवं कानून के दायरे में मनाने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करें। बैठक में उपस्थित होटल, ढाबा, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालकों द्वारा नववर्ष के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिए गए। निर्देशों का पालन करने पर सहमति व्यक्त की गई तथा पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

### सतत निगरानी, होगी प्रभावी पुलिसिंग

बैठक में आदित्य कुमार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरुण नामदेव, सायबर सेल से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे सहित कुल 61 होटल, ढाबा, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालक उपस्थित थे।जिला पुलिस द्वारा नववर्ष के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं प्रभावी पुलिसिंग की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

# शांतिदूत साहित्य सम्मान से विभूषित हुए साहित्यकार डॉ जीवन यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि, साहित्यसेवी और लाला जगदलपुरी राज्य अलंकरण से सम्मानित साहित्यकार डॉ जीवन यदु को शांतिदूत संस्था ने अपने 15वें स्थापना दिवस पर शांतिदूत साहित्य सेवा सम्मान से अलंकृत किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने डॉ यदु के निवास पर पहुंचकर अभिनंदन पत्र के साथ शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था संयोजक अनुराग तुरे ने डॉ.यदु के व्यक्तित्व व कृतित्व का सारगर्भित परिचय देते हुए अभिनंदन पत्र का वाचन किया। गौरतलब है कि हिंदी साहित्य जगत में प्रगतिशील साहित्यकार के रूप में प्रतिष्ठित डॉ जीवन यदु ने हिंदी, उर्दू व छत्तीसगढ़ी



भाषा में अपनी सशक्त लेखनी के माध्यम से साहित्य को समृद्ध करने के साथ-साथ लोकहित, सामाजिक चेतना, जन-साक्षरता व राष्ट्रप्रेम को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनकी रचना खास तौर पर जन साक्षरता पर लिखा गीत कश्मीर से कन्याकुमारी तक जनमानस में आज भी लोकप्रिय हैं जो उनकी सृजनशीलता और व्यापक जनस्वीकृति का प्रमाण हैं। राष्ट्र प्रथम और देश हित सर्वोपरि की भावना रचनाधर्मिता का मूल आधार रही है। सम्मान समारोह में नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, पार्षद रूपेंद्र रजक, नागरिक एकता मंच संयोजक उत्तम बागड़े, समसुल होदा खान, संकल्प यदु, किशोर सोनी, सुभाष चावड़ा, याहिया नियाजी, जनाब खान, किशोर शर्मा, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, शिक्षिका डॉ. मेधावनी तुरे, अमीन मेमन, आकाश तिवारी, जहीन खान, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत की है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रुपए, आंधी-तूफान से केव्हीसी तार टूटकर गिरने से 3 भैंस की मृत होने पर 1 लाख 12 हजार 500 रुपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नदी के पानी में डूबने से 3 जनहानि होने पर 12 लाख रुपए, अतिवृष्टि से 7 मकान आंशिक क्षति होने पर 28 हजार रुपए, अतिवृष्टि से झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 3 हजार रुपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि 4 लाख रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 11 मकान आंशिक क्षति होने पर 61800 रुपए, आग से दो जनहानि होने पर 8 लाख रुपए, अतिवृष्टि से 5 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 6 लाख रुपए और छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 12 मकान आंशिक क्षति हाने पर 48 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 11 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 13 लाख 20 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## साहिबजादों के शौर्य को वर्तमान और भावी पीढ़ी को कराया अवगत

# वीर बाल दिवस पर जिला स्तरीय संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वीर बाल दिवस पर जिला भाजपा द्वारा जनपद सभा हाल में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जानबूझकर इतिहास मे दफन किए गए भारतीय इतिहास के उस स्वर्णिम पराक्रम और बलिदान के अध्यायों को जनमानस के समक्ष लाने के उद्देश्य से आयोजित संगोष्ठी में गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के अदम्य साहस, बलिदान और धर्मनिष्ठा से वर्तमान व भावी पीढ़ी को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय इतिहास को पुन जीवंत करने का काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस जैसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू ने वीर बाल दिवस से जुड़े नैतिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के जिला सह प्रभारी प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी ने साहिबजादों के जीवन, संघर्ष और बलिदान के अनछुए पहलूओ पर विस्तार से जानकारी दी।

### वीरता को किया गया याद

वीर बाल दिवस कार्यक्रम के जिला प्रभारी और जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने संगोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों ने अत्यंत कम आयु में भी क्रूर आक्रांताओं के सामने झुकने से इंकार कर मातृभूमि और धर्म की रक्षा के लिए अपना प्राण न्यौछावर कर दिया। उनका यह अदम्य साहस आज भी समाज और राष्ट्र को प्रेरणा देता आ रहा है। साहिबजादों ने यह सिद्ध कर दिया कि देश और धर्म के प्रति कर्तव्य निभाने के लिए आयु बाधा नहीं होती। उनका बलिदान हमें सदैव समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर कराता है। कार्यक्रम में साहिबजादों के जीवन पर आधारित वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से उनकी वीरता को याद किया गया। आभार शशांक ताम्रकार ने किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जीवन देवांगन, जमुना नरेश कुर्रे, जनपद अध्यक्ष छुईखदान पुष्पा जंघेल, जिला उपाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, उमा चौबे, नीलिमा ठाकुर, किरण गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्रा, गोरेलाल वर्मा, भावेश कोचर, ऋषभ सिंह, अवध वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नववर्ष को लेकर पुलिस अलर्ट, 15 असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के मददेनजर पुलिस ने जांच पडताल अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत बसंतपुर थाना क्षेत्र में 15 असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन एवं श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नए वर्ष आगमन पर शन्ति व्यवस्था बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आसामाजिक तत्वो के विरूद्ध लगातार विशेष अभियान संचालित कर अपराधो पर अंकुश लगया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, उपनिरीक्षक देवादास भारती,सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, जीवराज रावटे मनमोहन साहू, प्रधान आरक्षक किशोर यादव, दीपक जायसवाल, महिला प्रधान आरक्षक सीमा जैन आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, फागू राम साहू, भुनेश्वर जायसी, राजेश बंदेश्वर, रूपेन्द्र वर्मा एवं जामिन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### हो हुल्लड वालों पर नजर

इसी कडी में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्त में विशेष अभियान के तहत आसाजिक तत्वो एवं मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक सरजू सिंह उम्र 23 साल निवासी बंगाली चाल, रितेश कुमार महिलांग उम्र 21 साल निवासी नंदई कुंआ चौक, रितेश उर्फ लारो उम्र 20 साल निवासी नंदई चौक, साजिद खान उम्र 18 साल 6 माह निवासी नंदई चौक, मुन्ना साहू उम्र 26 साल निवासी इंदिरा नगर, राहुल निषाद उम्र 27 साल निवासी जमातपारा, महावीर उर्फ टोबू यादव उम्र 25 साल निवासी जमातपारा, चितेश उपाध्याय उम्र 21 साल निवासी जमातपारा, आशीष उम्र 31 साल निवासी लालबाग प्रभातनगर, आदित्य उर्फ हरिश रजक उम्र 19 साल टांकापारा वेसलियन स्कूल के पास , मनोज साहू उम्र 28 साल नंदई कुंआ चौक , देव यदु उम्र 21 साल निवासी चौखडियापारा, रूपेश उर्फ मोनू गेण्ड्रे उम्र 31 साल कुंआ चौक नंदई , शंकर रजक उर्फ बंठा उम्र 26 साल निवासी बांसपाईपारा ,राहुल राजपूत उम्र 18 साल निवासी क्लब चौक थाना बसंतपुर के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170,126,135(3) भा ना सु सं के तहत कार्यवाही कर अनावेदको को गिरफ्तार अनावेदको को न्यायायल के समक्ष पेश किया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जेल दाखिल किया गया।

## सार समाचार

### जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने फाइनल में कवर्धा को शूट आउट में 3-1 से किया पराजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हॉकी से मान्यता प्राप्त जिला हॉकी संघ कवर्धा द्वारा राज्य स्तरीय रात्रिकालीन 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता आयोजित



किया गया जिसमें जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने संकल्प अकादमी कवर्धा को शूटआउट में 4-1 गोल से पराजित कर राज्य स्तरीय फ्लड लाइट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। दोनों ही टीमों का मध्य बड़ा ही रोमांचक मैच दर्शकों को देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 2-2 गोल की बराबरी पर रही और इस मैच का फैसला शूटआउट पद्धति से किया गया जिसमें राजनांदगांव ने संकल्प अकादमी कवर्धा को 4-1 गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। राजनांदगांव का आज दूसरा मैच जिला हॉकी कवर्धा के साथ खेला गया जिसमें जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने कवर्धा को 2-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में संकल्प अकादमी कवर्धा को पराजित कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की टीम में शकील अहमद, मनीष यादव (मुसी) मिथलेश पंड्या, खुशाल यादव, संदीप ठाकुर, आदित्य मेश्राम, संदीप यादव, खेमराज सिंहा,सोनू निषाद,सुखदेव निर्मलकर, कोच प्रतीक तिवारी,तौफीक अहमद मैनेजर के रूप में शामिल थे।

### युवा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा की युवा मंडल की कार्यकारिणी



घोषित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सिंह के निर्देश पर जिला अध्यक्ष विवेक सिंह राजपूत ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें चंदन राजपूत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सुधीर सिंह युवा मंडल के महामंत्री बनाए गए है। यशवंत सिंह को उपाध्यक्ष, जयराज सिंह गहरवार को कोषाध्यक्ष तथा जयंत सिंह राजपूत को सांस्कृतिक प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रिंस राजपूत को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया है।

### एक दौड़ झूलेलाल साई के नाम की तैयारी जोरों पर

**राजनांदगांव** सिंधी पंचायत युवा विंग के द्वारा एक दौड़ झूलेलाल साई के नाम कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को प्रातः 6 बजे से किया जा रहा है




जिसमें 3 किलोमीटर 5 किलोमीटर व सबसे लंबी 10 किलोमीटर दौड़ में प्रतिभागी शामिल होंगे। राजनांदगांव सिंधी समाज के द्वारा यह तीसरा वर्ष कार्यक्रम का होगा इसके पूर्व में 2 वर्ष सफलता पूर्वक कार्यक्रम के आयोजन के बाद इस वर्ष राज्य स्तरीय स्तर पर इस दौड़ को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग सभी शामिल होने जा रहे हैं। इसी कार्यक्रम के लिए 27 दिसंबर को रिद्धि सिद्धि कॉलोनी में सिंधी समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कार्यक्रम संबंधी पंपलेट का विमोचन किया गया जिसमें रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समाज की एकता को बढ़ावा देगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि करेगा। साथ ही इस दौड़ में 100000 रुपए तक का पुरस्कार, मेडल व अन्य ट्रॉफी से भागीदार एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त बैठक में सिंधी पंचायत युवा विंग से लक्की रूपवानी, आशीष वाधवानी, संतोष मोटलानी, विक्की गंगवानी, दीपक तोतवानी, राजेंद्र पंजवानी, शंकर ज्ञानचांदनी, बृजलाल वाधवानी ,घनश्याम गंगवानी, विक्की वाधवानी व बड़ी संख्या में महिलाएं एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### गोड़ समाज की बैठक में कई निर्णय

**राजनांदगांव।** जिला आदिवासी गोड़ समाज की बैठक गोड़ सदन में आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष नीलकंठ गोड़ ने समाज के विकास को लेकर विचार विमर्श किया। समाज की एक कौसिंल तैयार कर मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। जिसका सभी मुड़ादार और तहसील अध्यक्षो ने समर्थन किया। बैठक में कुंवार सिंह मंडावी, कन्हैया ठाकुर, रामानंद उइके, जितेन्द्र पड़ौती, डुमन तुमरेकी, संत प्रसाद ,तुमरेवी, विजय पडौटी, बंसत मरकाम, रमेश मंडावी, कृपा बड़ईके, दिलीप नेताम, दिलीप ठाकुर, वीरू सोरी, केवल सिंह सोरी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। उक्त जानकारी रमेश तिवारी गोड़ ने दी।

### श्रीकृष्ण के सजीव झांकियों का दर्शन आज से

**राजनांदगांव।** आओं हम सब संस्कारधानीवासी भगवान श्री कृष्ण के सजीव झांकियों के दर्शन करें। 30 दिसम्बर से दोपहर 3:30 बजे शुरू होने वाली ब्राम्हणनायक श्री कृष्ण के लीलाओं का दर्शन और श्रवण करें



कस्तुरबा महिला मंडल में शुरू होने वाली लीला में रूप के दर्शन गुणों के वर्णन एवं श्री वृंदावन धाम के दर्शन करें। रासधारियों कि 21 ब्रजवासियों की टोली शहर में पधार चुकी है। लीला के प्रथम दिन मंगलवार को सक्कुबाई चरित्र भगवान की लीला दिखाई जायेगी। शहर में यह ब्रजवासियों का निरंतर तीसरा वर्ष होगा जो कि श्री युगल उपासक उत्सव मंडल की शाखा द्वारा कराया जा रहा है। यह लीला बहुत ही शुभ और भक्तिमय आयोजन है जो कि मनुष्य को अध्यात्मीक शांति और आनंद प्रदान करती है। श्री युगल उपासक मंडल के संयोजिका श्रीमति आशा रामावतर अग्रवाल बिलासपुर ने अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में लुप्त होती धार्मिक रामलीला एवं रासलीला के पूरे प्रदेश के मुख्य शहरों में वर्ष में एक बार इस लीला का मंचन करने का बीड़ा उठाया है और बिना किसी नाम व स्वार्थ के कई वर्षों से अपने लगन से इस कार्य में लगी हुई है ताकि वृन्दावन के गरीब ब्रजवासियों कि लीलाओं का दर्शन व आनंद प्रदेशवासी लेते रहें है। आयोजन कि मुख्य आयोजक की किरण अग्रवाल और पूरे मंडल की ओर से कस्तुरबा महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रहरि महिला मंडल के साथ-साथ ही कौसधंय महिला पद्मावत राजपूत, गुजराती गौड़ ब्राम्हण समाज, बागेश्वर धाम मंदिर, महेश्वरी महिला, वसुधा फाउंडेशन, खण्डेलवाल महिला, कच्छ व पटेल महिला मंडल के साथ-साथ ही अन्य सभी महिला मंडलों से रासलीला में शामिल होकर दर्शन लाभ लेने और अपने जीवन को कृर्तात करने अपील की है। वृंदावन के ब्रजवासियों कि पूरी रासलीला टोली सुबह 11 बजे भगवान श्री कृष्ण व राधारानी अपने पूरे श्रृगांर के साथ रामाधीन मार्ग निवासी रेखा राजेश अग्रवाल के यहां अपने चरण पधारेंगे फिर रासलीला भी करेंगे और भोग प्रसादी आरती पूजा होगी।

## सीसी रोड बनना है खुज्जी विस में, मुरूम की तस्करी मोहला मानपुर से

# मुरूम की तस्करी के लिए एकलव्य विद्यालय की दीवार में चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राजस्व और खनिज विभाग के संरक्षण में खनिज माफियों के हौसले इतने बुलंद है कि मुरूम की तस्करी के लिए बालक बालिकाओं के संवेदनशील माने जाने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की विशालकाय दीवार को ही तोड़ डाला गया है। इधर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंबागढ़ चौकी नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए बनाई जा रही सीसी रोड निर्माण में मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा के राजस्व भूमि से सैकड़ों ट्रिप मुरूम की तस्करी कर ली गई है।

मामले में जहां सैकड़ों ट्रिप मुरूम की रॉयल्टी के रूप में शासन को चूना लगाया गया है वही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की सुरक्षा में ठेकेदार के मरूम तस्करों ने बुलडोजर चला दिया है। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी चौक से अस्पताल तक 49 लाख रुपए के लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य में भारी अनियमितता के साथ-साथ आवासीय विद्यालय एकलव्य में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा में सेंद मारने की बेहद संगीन मामला उजागर हुआ है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंबागढ़ चौकी नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीसी रोड निर्माण के लिए बीते कई दिनों से दर्जनों हाईवा वाहनों के माध्यम से मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के गोपलिनचुआ गांव के सरहद में स्थित पहाड़ी खोदकर दिन-रात अवैध मुरुम उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा उत्खनन बिना किसी वैध अनुमति और बिना रॉयल्टी चुकाए किया जा रहा है, जिससे शासन को अब तक लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो चुका है।

### बाउंड्री वॉल में चला बुलडोजर

सीसी रोड निर्माण में खेत और गड्ढे को पाटने गोपलिनचुआ गांव के राजस्व भूमि से वन विभाग के पहाड़ी सीपीटी तक वैध मुरूम खोद कर जहां लाखों रुपए की रॉयल्टी चोरी की गई है वही खनिज माफियाओं ने बिना किसी प्रशासनिक आदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का बाउंड्री बाल को बुलडोजर से तोड़ दिया है बताया गया कि यहां 400 बालिका और 400 बालक संयुक्त विद्यालय में अध्यनरत है जिनकी सुरक्षा पर बेहद बडा सेंद लगाया गया है जिसके कारण यहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं असुरक्षित हो गए हैं।

### दी गई जानकारी

मोहला एवं मानपुर का संयुक्त आवासीय विद्यालय एकलव्य आदर्श विद्यालय भवन के अभाव में अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है यहां पदस्थ प्राचार्य थान सिंह कारटे तथा प्रमोद प्रकाश ने दीवार तोड़े जाने की जानकारी उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को बता चुके हैं परंतु मुरूम की तस्करी के लिए शासकीय संपति को नुकसान पहुंचाने को लेकर अब तक अधिकारी किसी भी तरह का एक्शन नहीं ले पाए हैं।

### मना किया गया

ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा के सरपंच सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि पोकलेन मशीन से राजस्व भूमि से मुरुम खोदने की जानकारी मिलने पर उनके द्वारा मना किया गया परंतु खनिज माफियाओं द्वारा उनकी अनदेखी करते हुए बेधड़क होकर सैकड़ों ट्रिप मुरुम का खनन कर लिया गया।

### कांग्रेसी के लिए भाजपा नेता करवा रहा है तस्करी

चोर चोर मौसेरा भाई का कहावत यहा चरितार्थ हो रहा है 49 लाख रुपए की लागत से बन रहे सीसी रोड निर्माण का ठेका दुर्ग के किसी बघेल को दिया गया है जो अपने आप को कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताता है जिसके लिए अवैध मुरूम खुदवाने का जिम्मा मोहला निवासी एक भाजपा नेता के द्वारा कराने की बात ग्रामीणों ने बताई। इधर निर्माण के आड़ में खेत और गड्ढे को पाटने अवैध रूप से पहाड़ी को खोदकर मुरूम निकाला जा रहा है।

### बालिका संप्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता शिविर



**राजनांदगांव।** कानूनी अधिकारों को लेकर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) अमित जिन्दल लगातार विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जागरुक कर रहे हैं। उन्होंने बालिका संप्रेक्षण गृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करते हुए कानूनी अधिकारों को लेकर बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72 के तहत ब्लात्कार पीडित का नाम, पहचान का मुद्रण या प्रकाशन करना 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है। यदि धारा 72 में निर्दिष्ट मुद्रण या प्रकाशन न्यायालय की कार्यवाही के संबंध में न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना किया जाये तो वह धारा 73 के तहत 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है।

श्री जिन्दल ने बताया कि किसी महिला को विवाह या अयुक्त संभोग के लिए विवश या विलुब्ध करने के आशय से अपहरण या व्यपहरण करने पर धारा 87 के तहत 10 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है।

## मनरेगा समाप्ति की साजिश के खिलाफ कांग्रेस करेगी जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार स्वर्णिम इतिहास से भरी कांग्रेस पार्टी कल 28 दिसंबर को अपना 140वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार जिला मुख्यालय में गरिमामय आयोजन की तैयारी में हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने स्थापना दिवस एवं वी बी जी राम जी योजना के लिए होने वाले ग्राम सभाओं में जनजागरण हेतु ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त किए हैं। राजनांदगांव रमेश खंडेलवाल, डोंगरगढ़ ग्रामीण दुर्गेश द्विवेदी, शहर महेंद्र यादव, डोंगरगांव पंकज बांधव, एलबी नगर चुम्मन साहू (छुरिया), छुरिया वीरेंद्र बोरकर, कुमरदा बलिराम साहू, घुमका अंगेश्वर देशमुख है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला अध्यक्षद्वय जितेंद्र मुदलियार एवं विपिन यादव ने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार मांग आधारित रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को समाप्त करने की साजिश की है। जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग ने जिला स्तर के ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्रामसभा में कांग्रेस के पदाधिकारी को उपस्थित होकर मनरेगा समाप्ति की भाजपाई साजिश को आम जनता के बीच रख जनजागरूकता लाने एवं भविष्य में जन आंदोलन के लिए तत्पर रहने का संकल्प लेने का निर्णय लिया है। कांग्रेस ने संविधान के अंतर्गत मांग आधारित एवं मजदूरों के अधिकार के लिए मनरेगा लागू की थी। उसकी मूल आत्मा को समाप्त कर भाजपा आधा हिंदी आधा अंग्रेजी का उपयोग कर आराध्य राम नाम को भी जोड़-तोड़ कर जनभावनाओं को आहत भी किया है। अतः इस योजना की कमियों को जनता के बीच रखना आवश्यक है। भाजपा की केंद्र सरकार तो इस योजना की पहली सीढ़ी ग्रामसभा के आयोजन में ही फेल हो गई है। केंद्र सरकार के तुगलकी निर्णय अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों में राष्ट्रीय पेशा दिवस 24 को एवं अन्य क्षेत्रों में 26 के बीच यह आयोजन किया जाना था। निर्धारित समय में ग्रामसभा नहीं होने पर अब ग्रामसभा के लिए छग सरकार सरपंचों पर दबाव बनाने आमादा है, जो पंचायतीराज में उचित नहीं है।

## बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर प्रीमियम लीग का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में क्षेत्र के युवाओं ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। चार दिवसीय टूर्नामेंट के आयोजन पर प्रथम दिन अतिथि के तौर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने फीता काट कर मैदान में खेल शुरू कराया। आयोजन में डॉ बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के प्रिंसिपल कैलाश शर्मा, विहिप के नंदूराम शर्मा, अनूप श्रीवास, योगेश बागड़ी, त्रिगुण सदानी, शिव वर्मा तथा सोमेश शर्मा भी अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस भव्य चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन समापन अवसर पर अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह,मोनू बहादुर,पार्षद शेखर यादव,पार्षद राजेश यादव,पार्षद मोहन सिन्हा,पूर्व पार्षद देवशरण सेन,मंडलों के अध्यक्ष गोलु गुप्ता,सुमित भाटिया,आर्किटेक संघ के अध्यक्ष नवीन साहू,प्रखर श्रीवास्तव,सज्जन ठाकुर ने उत्साह वर्धन किया



### आईपीएल की तर्ज पर आयोजन

बसन्तपुर प्रीमियम लीग पूरी तरह आई पी एल के तर्ज पर हुआ। जिसमे 104 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी का ऑक्सन किया गया, जिससे 8 टीमें बनी। फायनल मैच बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन कप्तान कृष्णा नागवंशी और चंद्रशेखर आजाद इलेवन कप्तान ईश्वर साहू के मध्य खेला गया। पहले बेटिंग करते हुए 10 ओवरों में चंद्रशेखर आजाद इलेवन के खिलाड़ियों ने 127 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया उसका पीछा करने उतरी बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन के खिलाड़ियों ने भी लगातार चौके छक्के लगाते हुए आखरी ओवर में रोमांक जीत हासिल की और विजेता टीम बन टूनामेंट को अपने नाम किया।

### खेल संस्कृति को मिला बढ़ावा

समापन अवसर पर आयोजन समिति के संरक्षक सुनील सेन ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, निर्णायकों,एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। बसन्तपुर प्रीमियम क्रिकेट टूर्नामेंट ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर एक नई मिसाल कायम की है।

## हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष जिले के हस्तशिल्पियों से हुई रूबरू



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान वे जिले के हस्तशिल्पियों से रूबरू हुई और उनसे हस्तशिल्प से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव में हस्तशिल्पियों से भेंट किया और शिल्पियों को अधिक विपणन करने हेतु प्रोत्साहित किया। श्रीमती शालिनी राजपूत ने अधिकारियों को शिल्पियों को नियमानुसार वन विभाग से रियायती दर पर बांस एवं लकड़ी उपलब्ध कराने तथा उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संध्या तिवारी, मिनी पाण्डे, आयुषी पाण्डेय, प्रबंधक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड राजनांदगांव-दुर्ग सीएस केहरि, सहायक ग्रेड-3 राकेश देवांगन सहित अन्य कर्मचारी एवं हस्तशिल्पकार उपस्थित थे।

## कथावाचकों के खिलाफ टिप्पणी से भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री को लेकर की गई टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ सनातन विरोधी होने को लेकर आक्रोश भड़का हुआ है। जिसके तहत आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहर के दिग्विजय महाविद्यालय के सामने भूपेश बघेल का पुतला जलाया। इस दौरान उन्होंने भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव मुर्दाबाद के नारे लगाए।

भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने बताया कि सनातन धर्म के ध्वजवाहक व बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तथा कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के व्यक्तित्व को लेकर कांग्रेस नेताओं के द्वारा लगातार अनर्गल व स्तरहीन बयान बाजी की जा रही है जिससे पूरा सनातन धर्म आक्रोशित और उद्वेलित है।




### जनता सिखाएगी सबक

भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि रामराज्य के लिए कटिबद्ध साधू संतजनों पर भूपेश बघेल और उनके नेताओं ने स्तरहीन की परिकाष्ठा को लांघ दिया है हमारे आराध्य प्रभु के अस्तित्व को सदैव नकारने वाले प्रदेश में अराजकता फैलाने का कुतर्क कर रहे है उन्हें जनता समय आने पर जरूर सबक सिखाएंगी।

### भाजयुमो नेता रहे उपस्थित

उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंग भाटिया, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता (गोलू), प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समीर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मंत्रीगण- चिन्टू सोनकर, उज्ज्वल कसेर, ज्ञानेश गुप्ता, पार्षद संजू बघेल, कोषाध्यक्ष कमलेश प्रजापति, यश पारख, शहर महामंत्रीद्वय द. आशीष जैन,प्रहलाद सिन्हा, महामंत्री उ. आदित्य पराते, शहर उपाध्यक्षगण- हिमांशु सोनवानी, सुवितेश श्रीवास्तव, आशु कसार, अभिषेक यद्‌ु, अरविंद बैद, मंत्रीगण- जैकी सोनकर, अमितेश झा, संभव बैद, आशीष सिन्हा, विकास साहू,राजा स्वर्णकार, आशीष सोरी, सौरभ राजपूत, रोहित सिन्हा, प्रिंस राजपूत, हर्ष चौधरी, अंजनेय शर्मा, दामन पदम सहित भाजयुमो के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खिलाड़ी कभी हारता नहीं, जीतता है या सीखता है: अरुण

**राजनांदगांव।** 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,नीरज बाजपाई तथा तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, मोनू बहादुर,सुमीत भाटिया, आलोक श्रुति,अपूर्वा श्रीवास्तव, श्रुति लोकेश जैन, सावन वर्मा, घासी साहू, वर्षा शरद सिन्हा, कुतबुद्दीन सोलंकी,अनूप श्रीवास्तव, राघव वर्मा, अजय तिवारी,प्रिंस भाटिया, हारुन खान, दीपेश चौबे, पीयूष वर्मा एवं आशुतोष सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि रुद्राक्षम्-वेलफेयर सोसाइटी संस्था एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के द्वारा लगातार प्रयत्न करके फिर से हॉकी की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए लगातार प्रयत्न कर रहे है। संस्था के द्वारा बच्चों को मैदान से जोड़कर के खेल, शिक्षा, अनुशासन स्वास्थ्य और नशे से दूरी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का जो कार्य किया जा रहा है वह अत्यंत सराहनीय है। खेल का मैदान हमें जीवन जीने की कला सिखाता है,खेल का मैदान हमें अच्छा स्वास्थ्य देता है, यह खेल का मैदान हमें अच्छा भविष्य देता है, यह खेल का मैदान हमें अच्छा संस्कार देता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए 5 लाख और खिलाड़ियों के खेल सामग्री के लिए 3 लाख की घोषणा की।

### फाइनल मैच

फाइनल मुकाबले में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर एवं स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए उच्च स्तरीय हॉकी का प्रदर्शन किया परन्तु बिलासपुर की टीम ने रायपुर अकादमी को 7-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। खेलो इंडिया स्टेट्स सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर की ओर से सुमित मिंज ने 3 गोल, जबकि रोबित एक्का और ओम यादव ने 2–2 गोल किए।



### बिहार की टीम ने किया कब्जा

खेले गए तीसरे स्थान के रोमांचक मैच में बिहार की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को 5-4 से पराजित किया। बिहार की टीम की ओर से राहुल झा तथा हेमरम नमझम ने 2-2 गोल तथा संदीप लोहार ने एक गोल किया। वही उत्तर प्रदेश टीम की ओर से देवेंद्र ने 2 गोल तथा नितिन और हिमांशु ने 1-1 गोल अपनी टीम के लिए किया।

### पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता के विजेता टीम खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर को मंचस्थ अतिथियों के द्वारा प्रथम पुरस्कार स्वर्गीय सुरजीत सिंह भाटिया जी के स्मृति में बलदेव सिंह भाटिया के द्वारा प्रदत्त 31000 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही लीजेंडरी हॉकी प्लेयर अनूप श्रीवास्तव ट्रॉफी भी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के उपविजेता टीम रायपुर अकादमी को बहादुर अली के द्वारा अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से 21000 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रही बिहार की टीम को स्वर्गीय काशीनाथ बाजपेई के स्मृति में नीरज बाजपेई द्वारा प्रदत्त 11000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### हाकी की नर्सरी है नांदगांव: सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा चीखली स्कूल के मैदान मे खेल का बहुत बढ़िया वातावरण है। मैं यहां एक हफ्ते में तीन बार आ चुका हूं। जब भी मैं यहां से गुजरता हूं मेरी गाड़ी घूमती है और मैं चिखली स्कूल के मैदान आ जाता हूं, और जब भी मैं यहां आता हूं मुझे सैकड़ो की संख्या मे बच्चे यहां दिखते हैं और खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके पालक भी यहां आते हैं। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा की रुद्राक्ष वेलफेयर सोसाइटी संस्था के प्रयास से और मृणाल चौबे के परिश्रम से पटरी पर क्षेत्र के इस चिखली स्कूल के मैदान में खिलाड़ियों का एक अलग उत्साह और जुनून देखने को मिलता है।

## खबर संक्षेप

### शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रबी फसल की तैयारियों में जुटे किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में धान फसल की कटाई-मिजाई और धान खरीदी केंद्र में धान फसल को बेचने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसान रबी फसल गेहूं, चना की बुवाई कार्य में जुट चुके है। बताया जाता है कि ग्रामीण किसान रबी फसल की बुवाई के लिए हल-बैल तथा ट्रैक्टर के मदद से खेतों की जुताई व बुवाई कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्राम बरबसपुर, घुकसा, हरिनछपरा राम्हेपुर, चंदनपुर, नाऊडीह, दौजरी, जेवडन सहित आसपास के क्षेत्रों में रबी फसल की बुवाई कार्य जोरों पर है।

### डीयू ने रोके गए परीक्षा परिणाम की घोषणा की

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें एम कॉम चतुर्थ सेमेस्टर मई-जून 2020, एमएससी (भौतिक) चतुर्थ सेमेस्टर मई-जून 2023, एमएससी (रसायन) चतुर्थ सेमेस्टर आदि हैं।

### दस्तावेज व शारीरिक माप परीक्षण 6 जनवरी से

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर परीक्षा-2024 के दस्तावेज व शारीरिक माप परीक्षण की समय सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षण 6 जनवरी से 6 फरवरी तक प्रदेश के सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, रायपुर व राजनांदगांव में होगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी का जीवन हमें सिखाता है राजनीति सत्ता का नहीं, साधना का मार्ग है: भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया/कुण्डा

भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल स्मृति सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत यज्ञ स्थल, कुण्डा में विधानसभा स्तरीय अटल समिति सम्मलेन का आयोजन किया गया। आयोजन में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, महेश वर्मा ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मलेन का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने न केवल भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, बल्कि विदेश मंत्री और संसद की विभिन्न महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विपक्ष के एक सक्रिय नेता भी रहे। छत्तीसगढ़वासियों की आकांक्षाओं को उन्होंने पूरा करते हुए इसे अलग राज्य बनाया और आज हमारा प्रदेश निरंतर विकास पथ पर अग्रसर हो रहा है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारत के राजनीतिक इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे केवल एक सफल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता, दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्र को दिशा देने वाले महान चिंतक थे। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनका नेतृत्व संयम, संवाद और समन्वय का प्रतीक था। चाहे 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण का साहसिक निर्णय हो या लाहौर बस यात्रा के माध्यम से शांति का संदेश उन्होंने हर अवसर पर भारत की प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर सशक्त किया। उनके शासनकाल में स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी अनेक ऐतिहासिक पहलें शुरू हुई, जिन्होंने देश के बुनियादी ढांचे को नई दिशा दी।

इस अवसर पर राजेन्द्र चंद्रवंशी, महेश वर्मा, शैलेश पाठक ने भी कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित किया और अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। सम्मलेन में पंडरिया विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी जन उपस्थित थें।

### अटल बिहारी का आचरण, शालीनता, वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि




उन्होंने कहा कि अटल की जन्म-जयंती हम सभी के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का विशेष अवसर है। उनका आचरण, शालीनता, वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प भारतीय राजनीति के लिए एक आदर्श मानक है। उन्होंने अपने जीवन से सिद्ध किया कि श्रेष्ठता पद से नहीं, आचरण से स्थापित होती है और वही समाज को दिशा देती है। आज प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्हीं अटल संकल्पों को लेकर आगे बढ़ रहा है। आज कश्मीर में भारत का तिरंगा शान से फहराया जा रहा है, करोड़ों रामभक्तों की आस्था श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर का भव्य निर्माण उन्हीं अटल संकल्पों का प्रतीक है। वैश्विक महाशक्ति की ओर आगे बढ़ता नया भारत अटल की दूरदर्शिता का परिणाम है। आज प्रधानमंत्री अटल बिहारी के सपनों के भारत का निर्माण करने के लिए दिन-रात परिश्रम कर रहें हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने 15 वर्षों में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए

भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं था, यह आस्था, पहचान और अधिकार का सम्मान था। अटल ने समझा कि यह भूमि अपनी संस्कृति, अपने संसाधन और अपने विकास की दिशा स्वयं तय करना चाहती है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, यह एक नारा नहीं बल्कि एक संकल्प हैं जिस छत्तीसगढ़ को अटल ने बनाया उसे संवारने का। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में हमारे छत्तीसगढ़ ने 15 वर्षों में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए। बीमारू राज्य कहलाने वाले छत्तीसगढ़ को डॉ रमन सिंह ने अपनी कुशल नीतियों से विकासशील और सशक्त राज्य के रूप में स्थापित किया और वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ नई उम्मीदों, आत्मविश्वास और उर्जा के साथ विकास पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। महिला, किसान, युवा हर समाज को आज आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की यह विकास यात्रा अटल बिहारी के सपनों को साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता है।

## कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

# विजय शर्मा ने 5.74 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए 5 करोड़ 74 लाख 87 हजार रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन सड़क निर्माण कार्यों से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने के साथ-साथ विकास को भी नई गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम मेन रोड से ग्राम कटगो तक 6.81 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सड़क का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। सड़क के निर्माण से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगी और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से सीधा संपर्क स्थापित होगा। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ने मेन रोड से खिरसाली तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 1 करोड़ 36 लाख 50 हजार रुपए है। वहीं मेन रोड से लाटा तक 2.80 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भी विधिवत भूमिपूजन किया गया जिसकी लागत 1 करोड़ 02 लाख 90 हजार है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, राम किंकर वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम कटगो के ग्रामवासियों को इस बड़ी सौगात के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम कटगो में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 263 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गांवों में अधोसंरचनात्मक विकास को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी कि आगामी नववर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को भोरमदेव कॉरिडोर का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# गौ-माता के चारा पैरा को जलाना महापाप: पं.आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहगांव



मोहगांव में आयोजित पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का मंगलमय आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हो रहा है। यह महायज्ञ गौ-माता की रक्षा, ग्राम की सुरक्षा तथा विश्व कल्याण के संकल्प के साथ किया जा रहा है। सत्संग सत्र में परम पूज्य शंकराचार्य के शिष्य धर्मानुशासक पं आनंद उपाध्याय ने गौ-सेवा और श्री राम भक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि गौ-माता की सेवा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थो की प्राप्ति होती है। निष्काम-भाव से भगवान मानकर गौ-माता की सेवा करने से ब्रह्म ज्ञान और ईश्वर दर्शन संभव है। उन्होंने जाबाल पुत्र सत्यकाम और श्रीनाथ जी के भक्तों के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि गौ-सेवा से ईश्वर कृपा सहज प्राप्त होती है। गौ-माता को पानी देना, चारा देना, गौ-वंश का पालन व रक्षा करना, दर्शन और परिक्रमा करना ये सभी गौ पूजा के स्वरूप हैं, जिनसे महान पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने वर्तमान समय में कुछ लोगों द्वारा गौ-माता के चारा-पैरा को जलाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे महापाप और बड़ा अपराध बताया। पं श्री उपाध्याय ने कहा कि यदि पैरा जला दिया जाएगा तो गौ-माता क्या खाएगी, इस पर समाज को विचार करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पैरा को गौशालाओं तक पहुंचाया जाए अथवा खेत की मेड़ या सड़क किनारे सुरक्षित रख दिया जाएं ताकि गौ-माता उसे ग्रहण कर सके। इस कार्य के लिए सभी के सहयोग और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई। साथ ही साथ श्रीरामचरित मानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने श्री लक्ष्मण के चरित्र को आदर्श बताया। कहा कि लक्ष्मण का समस्त जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित रहा, इसी कारण वे भगवान राम को अत्यंत प्रिय हैं। राम कथा में यह स्पष्ट है कि भगवान श्रीराम-लक्ष्मण के बिना नहीं रह सके, इसलिए मंदिरों में भी श्रीराम के साथ लक्ष्मण विराजमान रहते हैं। सत्संग के अंत में उन्होंने कहा कि कथा सुनकर उसका मनन कर जीवन में उतारना चाहिए। शराब, जुआ और मांसाहार जैसी बुराइयों का त्याग कर सचरित्र जीवन अपनाएं, एकादशी व्रत रखें, नित्य मंदिर जाएं, भगवान के नाम का जप-भजन करें और श्रीरामचरित मानस का पाठ करें साथ ही बच्चों को धार्मिक शिक्षा और संस्कार देकर उन्हें भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म से जोड़ने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ी का कल्याण हो और सनातन परंपरा निरंतर आगे बढ़ती रहे।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

## संपूर्ण मानव समाज को सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र ने की। वहीं समारोह में जनपद पंचायत पंडरिया उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, विकास पांडेय, ओम यदु, सुरेश दुबे तथा श्रीमती दुरपती ईश्वर चंद्राकर सरपंच विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थें। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति द्वारा विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल किसी एक समाज के संत नहीं थे, बल्कि उन्होंने संपूर्ण मानव समाज को सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया। सतनाम और मनखे-मनखे एक समान का उनका संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, जो समाज को समरसता और मानवता का पाठ पढ़ाता है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पंथी नृत्य रहा, जहां मादर की धाप, बैंजो की सुमधुर धुनों पर कलाकारों ने जबरदस्त पंथी नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजन में सतनामी समाज के पदाधिकारी, आयोजक मंडल, ग्रामवासी बसनी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें, जिससे कार्यक्रम

### सतनाम सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा की: विधायक

समारोह के दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने समिति की मांग को स्वीकार करते हुए ग्राम बसनी में सतनाम सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की। इस घोषणा से सतनामी समाज सहित ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और समाज की ओर से विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## ग्राम किशुनगढ़ में श्रीमद्भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम किशुनगढ़ में निरंजन चंद्राकर के निज निवास में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास रामभद्र शर्मा ने सुदामा चरित्र, भगवान श्रीकृष्ण का गो-लोकधाम गमन और राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति को भक्ति और ज्ञान की प्राप्ति होती है। इससे वह जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्त होकर परम लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाते हुए बताया कि ऋषि के श्राप के कारण जब उन्हें तक्षक नाग द्वारा डसे जाने का वरदान मिला, तो उन्होंने अपना राजपाट पुत्र को सौंप दिया। राजा परीक्षित ने गंगा तट पर सुखदेव जी की शरण ली और सात दिनों तक उनके मुख से भागवत कथा का श्रवण किया। इससे उनका भय और आशक्ति समाप्त हो गई और अंततः तक्षक नाग के विष से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि जब सुदामा द्वारका पहुंचे, तो भगवान कृष्ण अपने सखा के स्वागत में भाव-विह्वल होकर दौड़ पड़े। उन्होंने सुदामा को गले लगाया और अपने सिंहासन पर बैठाया। कृष्ण ने सुदामा को अपनी अपार संपत्ति से अधिक प्रेम और मित्रता का उपहार दिया। सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के साथ कथा की पूर्णाहुति सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और सुदामा की सुंदर झांकी सजाई गई तथा अरे द्वार पालों कन्हैया से कह दो, दर पे सुदामा गरीब आ गया है भजन सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में सरोबोर श्रोता गण मुग्ध तथा आसपास क्षेत्र के भक्तजनो व श्रद्धालुओं की कथा सुनने भारी भीड़ उमड़ी।

## आशीष दुबे बने आदित्यवाहिनी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, सदस्यों में उत्साह



**हरिभूमि कवर्धा।** आदित्यवाहिनी कवर्धा के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे को श्रीमज्जगदगुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से रविवार को आदित्यवाहिनी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की गई। यह कवर्धावासियों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आदित्यवाहिनी जैसे दिव्य आध्यात्मिक संगठन के सफल संचालन हेतु प्रदेश संगठन का नेतृत्व करने के लिए कवर्धा निवासी आशीष दुबे का चयन किया है, जिनके अध्यक्षीय कार्यकाल में कवर्धा आदित्यवाहिनी संगठन ने अनेक दिव्य प्रकल्पों का कुशलतापूर्वक संचालन किया है। आशीष दुबे के अध्यक्षीय कार्यकाल में ही कवर्धा मंद श्रीमज्जगदगुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज की दिव्य धर्म सभा एवं हिंदूराष्ट्र संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ था। विगत दो वर्षो से घर-घर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, हिन्दू राष्ट्र स्थापना एवं गौ हत्या बंदी के पावन उद्देश्य के साथ संचालित किया जा रहा है। पिछले 4 वर्षो से संचालित अन्न-दान प्रकल्प में अभूतपूर्व सफलता इन दो वर्षो में ही प्राप्त हुई जब श्री गोवर्धन मठ पुरी में जन सहयोग से आदित्य वाहिनी संगठन द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रचुर मात्रा में अन्नदान समर्पित गया। भगवत्पाद शिवावतार श्री आदि शङ्कराचार्य जयंती, गोपाष्टमी, करपात्री जयंती के सफल आयोजन सहित श्रमदान एवं सेवा कार्य भी निरंतर संचालित किया जा रहा है। आशीष दुबे के नेतृत्व में संगठन के विस्तार के साथ-साथ संस्था के प्रकल्पों के समयबद्ध आयोजन के कारण पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आदित्यवाहिनी कवर्धा को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है। आशीष दुबे के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संगठन के सदस्यों में अपार हर्ष तथा सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आशीष दुबे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने दी।

## ग्रापं पोंड़ी में स्वच्छता का संदेश, सफाई कर्मी के हाथों हुआ, नवीन बाथरूम का लोकार्पण



**हरिभूमि पोंड़ी।** ग्राम पंचायत पोंड़ी में व्यावसायिक परिषर के समीप पंचायत द्वारा नव-निर्मित सार्वजनिक बाथरूम का लोकार्पण ग्राम के सफाई कर्मी रामप्रसाद (बिल्लू) पाली के हाथों संपन्न हुआ। व्यावसायिक परिषर व बस स्टैंड क्षेत्र में बाथरूम की सुविधा न होने से राहगीरों और ग्राहकों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मिथिला मोतीराम साहू ने सुव्यवस्थित बाथरूम का निर्माण कराया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति का पालन करते हुए सफाई कर्मी रामप्रसाद पाली को मुख्य अतिथि बनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में सफाई कर्मियों को देखने का नजरिया अक्सर अलग होता है, जबकि स्वच्छता बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में उनके हाथों लोकार्पण कराना सम्मान और प्रेरणा का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, उप सरपंच मुकेश कुम्भकार, पंच वेद साहू, मनोज वर्मा, जुगरू, भाजपा नेता दिलीप श्रीवास्तव, प्रकाश कुम्भकार, अनिल पाली, कोटवार शिवदास मानिकपुरी, गोरेलाल निषाद, अघनू यादव, कृष्णा श्रीवास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## अब जिले के किसान धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

# गुडी पद्धति से गन्ना फसल की पैदावार में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम दौजरी निवासी किसान नेमसिंह साहू, अघनू साहू, अशोक चंद्रवंशी गौकरण साहू, नकुल साहू, राजू कुमार साहू और गोवर्धन चंद्रवंशी ने गन्ने के बीज खरीद कर गन्ना को छोटे-छोटे टुकड़े काट कर बीज तैयार करने में जुटे हुए है और खेतों की जोताई कार्य में जुटें हुए है। किसानों ने बताया कि एक क्विंटल गन्ना बीज को 400 रुपए में खरीद रहे हैं, उन्होंने बताया कि एक एकड़ खेतों में 35 क्विंटल से 40 क्विंटल तक गन्ना बीज का गुडी पद्धति से लगाया जा है। वहीं दूसरी ओर ग्राम नाऊडीह के किसान छवि वर्मा, अजय वर्मा ने सरकारी बीज महाराष्ट्र जिले के कोल्हापुरी गन्ना को प्रति क्विंटल को 500 में खरीदकर ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई व नाली निकालकर गुडी पद्धति से खेतों में 4 इंच के अंतराल में लगा रहे हैं। इस गन्ना का प्रयोग करने से 20 क्विंटल में एक एकड़ में होती है और वहीं कई किसानों ने 85 गन्ना को लगाने भी जुटे हुए हैं।

### क्षेत्र में काम मिलने से पलायन बंद

बताया जाता है कि क्षेत्र के महिला-पुरुष एवं मजदूर गामीण किसानों द्वारा सुबह से देर शाम तक खेतों में गन्ना लगाने के कार्य में जुटे हुए है जिससे ग्रामीण मजदूर परिवार को क्षत्र में ही मजदूरी रोजी-रोटी जिसमें पुरुषों को 300 रूपए और महिलाओं को मजदूरी 200 रूपए मिलने से ग्रामीण गरीब मजदूरों के चेहरे में खुशी से खिल उठें है। साथ ही साथ क्षेत्र में दो कारखाना खुलने तथा जगह-जगह गुड फैक्ट्रियां खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण गरीब, किसान और मजदूर परिवार को दोहरा लाभ मिल रहे है। जिससे किसान और मजदूर आत्मनिर्भरता की और अग्रसर हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वनांचल की महिलाएं बनी लखपति दीदी

**कवर्धा।** जिले के विकासखंड पंडरिया के वनांचल एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम तेलियापानी लेदरा में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ से आजीविका के नए रास्ते दिखाए है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजातिय समुदाय के लिए बनाए जा रहे पक्के आवासों से आजीविका के नए रास्ते खुले है। पक्के आवास में उपयोग होने वाले निर्माण सामग्रियां की आपूर्ति राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह द्वारा डीलर दीदी के रूप में आवास हितग्राहियों को बहुत ही कम दर पर उपलब्ध करा रही है।

# भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर भूमिपूजन 1 जनवरी को, की जा रही कार्यक्रम की भव्य तैयारियां

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

01 जनवरी को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस परियोजना का भूमिपूजन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव मंदिर परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्य मंच व बैठक व्यवस्था, जनसमुदाय के बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल सहित आयोजन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भोरमदेव मंदिर परिसर अपनी प्राचीन स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं



मिलेंगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। भोरमदेव कॉरिडोर इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करेगा। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन न केवल नए साल की शुरुआत को खास बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। यह परियोजना राज्य के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, एएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, एडीएम विनय पोयाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**अनदेखी:** कलेक्टर के आदेश के बाद भी विभागीय कार्रवाई शून्य

# जिले में नए साल से पहले अवैध शराब कारोबारियों की सक्रियता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नववर्ष के स्वागत और जश्न में अब महज दो दिन का समय शेष रह गया है। जैसे-जैसे नया साल नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे लोगों में उत्साह का माहौल भी देखने को मिल रहा है। बाजारों में रौनक है, लोग जश्न की तैयारियों में जुटे हुए हैं। लेकिन इस उत्साह के बीच कुछ मौका-परस्त तत्व भी सक्रिय हो गए हैं, जो कानून को ताक पर रखकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इनमें सबसे अधिक सक्रिय अवैध शराब विक्रेता नजर आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल के जश्न को देखते हुए अवैध शराब विक्रेताओं ने पहले से ही तैयारी कर ली है। जिले के गांव-गांव में शराब की अवैध खेप छिपाकर रखी गई है, जिसे नए साल के दौरान खपाने की योजना बनाई गई है। बताया जा रहा है कि इन विक्रेताओं ने पियक्कड़ों की मांग को ध्यान में रखते हुए देशी के साथ-साथ अंग्रेजी शराब की कई महंगी ब्रांड भी अवैध रूप से जमा कर ली हैं। हैरानी की बात यह है कि नए साल के मौके पर अवैध शराब की बिक्री की आशंका को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा पहले ही आबकारी विभाग सहित संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक जिले में किसी बड़ी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। न तो छापेमारी की खबर है और न ही किसी अवैध शराब विक्रेता पर ठोस कार्रवाई की पुष्टि हो रही है। सूत्रों की मानें तो जिन शहरों और गांवों में सरकारी शराब दुकानें संचालित हैं, उन्हें छोड़ दिया जाए तो शायद ही कोई ऐसा गांव बचा हो, जहां अवैध शराब का कारोबार सक्रिय न हो। ग्रामीण इलाकों में यह धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से इस पर अंकुश लगाने के प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।




### आखिर कोचियों तक कहां से पहुंच रही शराब ?

नए साल के जश्न से पहले जिले में सक्रिय अवैध शराब कारोबार ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर यह अवैध शराब कोचियों तक कहां से पहुंच रही है। सूत्रों की मानें तो शराब की यह खेप न केवल बाहरी राज्यो बल्कि कुछ मामलों में जिले के भीतर से ही सप्लाई की जा रही है। संदेह जताया जा रहा है कि सरकारी शराब बेंचने वाले विभाग, परिवहन करने वाले वाहन चालक और सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्कर इस अवैध नेटवर्क की कड़ी हो सकते हैं। बिना किसी भय के गांव-गांव शराब की आपूर्ति होना विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इस सप्लाई चैन को नहीं तोड़ा गया, तो नए साल के दौरान अवैध शराब की बिक्री चरम पर पहुंच सकती है।

### संबंधित विभाग का सूचना तंत्र जिले में फेल

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि विभाग का सूचना तंत्र भी पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहा है। यदि सूत्रों को पहले से अवैध शराब की जानकारी मिल रही है, तो फिर विभाग तक यह सूचना क्यों नहीं पहुंच पा रही है, यह बड़ा सवाल खड़ा करता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं नए साल के दौरान खपत बढ़ाने के उद्देश्य से इन अवैध शराब विक्रेताओं को अप्रत्यक्ष रूप से खुली छूट तो नहीं दी जा रही है।

### कानूनी एवं सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा

यहां बताना लाजिमी होगा कि नए साल के जश्न के दौरान अवैध शराब की बिक्री न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि इससे सामाजिक अपराध, सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है। वैसे भी जिले में अधिकांश आपराधिक सड़क दुर्घटनाओं के पीछे शराब ही दोषी पाई गई है। ऐसे में जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि समय रहते सख्त कदम उठाए जाएं और अवैध शराब कारोबारियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि नया साल सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।

# ट्रैक्टर से गिरे युवक की मौत, वाहन चालक पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम टिकरी मगरवाड़ा क्षेत्र में ट्रैक्टर से गिरने के कारण एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउर निवासी शिवचरण पिता पनटोरा आयु 19 वर्ष रविवार को ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम टिकरी मगरवाड़ा गया था। बताया जाता है कि रात्रि करीब 8.30 बजे जब शिवचरण दूसरे ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के अनियंत्रित हो जाने से शिवचरण ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के बड़े चक्के नीचे आ गया। बताया जाता है कि घटना के बाद उसे तत्काल तरेगांव जंगल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और इसकी सूचना थाने में देने तथा शव का पीएम कराने कहा। लेकिन परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए तथा शव का पीएम कराए बगैर मृतक को अपने गांव ले आए जहां सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था। लेकिन इस बात की जानकारी कुकदुर पुलिस को मिलने के बाद पहले शव का पीएम कराया गया और बाद में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं तरेगांव जंगल थाना में घटना की सूचना दी गई जिस पर तरेगांव जंगल थाना में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया। दूसरी तरफ मृतक युवक के परिजनो ने इसे वाहन चालक की लापरवाही मानते हुए कार्यवाही की मांग की है।



# शासन की कृषक हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रशासनिक दावों के मुताबिक कबीरधाम जिले में धान खरीदी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से किसान अब बिना किसी परेशानी से अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम, बारदाना, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को भारी राहत मिल रही है और खरीदी प्रक्रिया सहज एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो रही है। इसी सुव्यवस्थित व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द के निवासी राजकुमार साहू, को मिला है। श्री साहू के पास लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे धान एवं गन्ने की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन धान खरीदी केंद्र जेड़वन कला एवं रबेली में है। अब तक उन्होंने धान खरीदी केंद्र जेड़वन सोनबरसा में 41.60 क्विंटल धान का बेक चुके है। जिसकी राशि शीघ्रता से सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई। श्री साहू ने बताया कि शासन द्वारा धान का 3100 रूपए प्रति क्विंटल कीमत पर की जा रही है तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जब से धान खरीदी व्यवस्था को व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया गया है, तब से किसानों को वास्तविक राहत मिली है। धान के बढ़े हुए मूल्य से अब न केवल आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं, बल्कि भविष्य की योजनाएँ भी साकार हो रही हैं। सही मूल्य मिलने से किसानों का खेती के प्रति रुझान बढ़ा है, किसान खुश हैं और आत्मनिर्भर एवं संपन्नता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सोमवार से लंबित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की इस तीन दिवसीय हड़ताल का असर पहले दिन से ही दिखाई देने लगा और जिले के प्रायः सभी सरकारी दफ्तरों से अधिकारी और कर्मचारी नदारत रहे। जिसके चलते कार्यालयीन ठप रहा और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। फेडरेशन की इस तीन दिवसीय हड़लाल के संबंध में फेडरेशन के जिला संयोजक अर्जुन चंद्रवंशी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने फेडरेशन द्वारा लगातार शासन से मोदी की गारंटी लागू किए जाने की मांग की जा रही है लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन को आज दो वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन न तो मोदी की गारंटी पूरी की गई है और शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि शासन के इस उपेक्षा पूर्ण रवैये को देखते हुए ही फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है। फेडरेशन ने कहा कि अगर इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं की गई तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिला मुख्यालय कवर्धा राजमहल चौक स्थित धरना प्रदर्शन स्थल में हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में जिलेभर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## ग्राम पोड़ी में जिला स्तरीय सत्संग के साथ दहेज-मुक्त रमैनी सम्पन्न



**कवर्धा।** जिले के ग्राम पंचायत पोड़ी, ब्लॉक बोड़ला में गत रविवार को जिला स्तरीय सत्संग एवं दो जोड़ी की दहेज-मुक्त रमैनी (विवाह) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लिया। सत्संग का आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में किया गया, जिसमें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों सहित महिलाएं भी अपने परिवारों के साथ शामिल रहीं। आयोजन के दौरान संत रामपाल जी महाराज का लाइव सत्संग प्रोजेक्टर (एलईडी) के माध्यम से दिखाया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को सतगुरु जी के तत्वज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से सुनने और समझने का अवसर मिला। सत्संग में संत रामपाल महाराज की अमृतवाणी के माध्यम से दहेज प्रथा, नशाखोरी, अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही सच्ची भक्ति, नैतिक जीवन और समाज में सद्भाव बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दो जोड़ों की रमैनी (विवाह) गुरुवाणी के अनुसार अत्यंत सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। यह विवाह पूर्णतः दहेज-मुक्त रहा, जिसमें किसी प्रकार का दिखावा या फिजूलखर्ची नहीं की गई। इस पहल को समाज के लिए अनुकरणीय बताया गया।

**शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक एकजुटता का गूंजा शंखनाद, वरिष्ठों ने युवाओं को किया प्रेरित**

# क्रांतिकारी युवा संगठन का पुनर्गठन, रामलाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय स्थित पटेल भवन, समनापुर में पटेल समाज के क्रांतिकारी युवा संगठन की एक ऐतिहासिक बैठक संपन्न हुई। समाज के दिग्गज नेताओं और सैकड़ों ऊर्जावान युवाओं की उपस्थिति में संगठन का पुनर्गठन किया गया, जिसमें रामलाल पटेल को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए वैचारिक क्रांति और आर्थिक स्वावलंबन की नई रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्थापक परदेशी पटेल ने संबोधन में संगठन की वैचारिक नींव रखते हुए कहा, कि क्रांतिकारी युवा संगठन केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि समाज के परिवर्तन का वाहक है। पद गौरव के लिए नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी के लिए होता है। हमारे युवाओं को शिक्षा की मशाल थामनी होगी। जब तक समाज का युवा उच्च शिक्षा और तकनीकी ज्ञान से लैस नहीं होगा, तब तक हम आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां प्रतिभा को अभाव के कारण रुकना न पड़े। वहीं शंकर पटेल जिला अध्यक्ष, पटेल समाज ने स्वरोजगार को केन्द्रित करते हुए कहा, कि आज का दौर उद्यमिता का है। समाज के युवाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्टार्टअप से जुड़कर जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनना चाहिए। जिला संगठन हर कदम पर युवाओं के स्वरोजगार प्रयासों का समर्थन करेगा। संतोष पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने एकजुटता को शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी बिखरी हुई ताकत हमें कमजोर बनाती है, लेकिन जब हम एक स्थान पर बैठते हैं तो हम एक अजेय शक्ति बन जाते हैं। सामाजिक एकता ही वह सुरक्षा कवच है जो हमारे अधिकारों की रक्षा करेगी। क्रांतिकारी युवा संगठन (पटेल समाज) के पुनर्गठन में अध्यक्ष भाई रामलाल पटेल, सचिव संजय पटेल, उपाध्यक्ष तुलेश्वर पटेल, बैसाखू पटेल, सुरेश पटेल, रेशम पटेल, कोषाध्यक्ष गोविंद पटेल, संरक्षक भुनेश्वर पटेल, अश्वनी पटेल, कमल पटेल, मोती राम पटेल, मीडिया प्रभारी रामदास पटेल, युवराज पटेल, प्रवक्ता सुरेश पटेल, केवल पटेल, सलाहकार नेमीचंद पटेल को चुना गया। इस अवसर पर कानूनी सलाहकार रघुवंश पाटिल, अशोक पटेल, शिवचरण पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित थे।



# जिला साहू संघ की सामाजिक बैठक ग्राम रणवीरपुर में आयोजित, कई विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

तहसील साहू संघ स.लोहारा की सामाजिक बैठक गत 28 दिसम्बर को ग्राम रणवीरपुर के साहू सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जनवरी 2026 को राजिम जयंती समारोह के संबंध में एवं तहसील कार्यकारणी विस्तार के संबंध में चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र साहू के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरमराज साहू के संरक्षण में तथा तहसील साहू संघ स.लोहारा के अध्यक्ष विजय कुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में सभी सामाजिक पदाधिकारीयों को राजिम जयंती समारोह में जाने के लिए तन, मन, धन से सहयोग करने एवं राजिम जयंती समारोह में सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया गया एवं सभी मनोनीत पदाधिकारियों से संग सहयोग मिले इस आशय का अपेक्षा रखा गया।

बैठक में विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं समाज प्रमुखो के द्वारा सभी मनोनीत पदाधिकारियों व विशेष आमंत्रित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई एवं समाज प्रमुखों के द्वारा विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में मुख्य रूप से ईश्वर साहू, भोलाराम साहू, कृष्णा साहू, रामकृष्णा, दशरथ साहू, नेतराम साहू, संजय साहू, शोभित साहू, बेदराम साहू, देवराम साहू, जागेशर साहू, रामचंद्र साहू, सुशील साहू, मोहित साहू, लेखराम साहू, बलदेव साहू, निर्मल साहू, गजानंद साहू, कमलेश साहू, पुनाराम साहू, जगन्नाथ साहू, राम कुमार साहू, टीकम साहू, थानु साहू, संतोष साहू, रोहित साहू, पिताम्बर साहू, मन्नु साहू, दिलीप साहू, महेश साहू, अर्जुन साहू, कुंजबिहारी साहू, खेदु साहू, जीवन साहू, नरेश साहू, दिलीप साहू, धनराम साहू, फगुवा साहू, सावत साहू, शत्रुहन साहू, कृष्णा साहू, नान्हु साहू, गौकरण साहू, रामजी साहू, नौकेश साहू आदि उपस्थित थे।

उक्त जानकारी विजय कुमार साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ स.लोहारा ने दी।

## सार समाचार

### जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने फाइनल में कवर्धा को शूट आउट में 3-1 से किया पराजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हॉकी से मान्यता प्राप्त जिला हॉकी संघ कवर्धा द्वारा राज्य स्तरीय रात्रिकालीन 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता आयोजित



किया गया जिसमें जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने संकल्प अकादमी कवर्धा को शूटआउट में 4-1 गोल से पराजित कर राज्य स्तरीय फ्लड लाइट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। दोनों ही टीमों का मध्य बड़ा ही रोमांचक मैच दर्शकों को देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 2-2 गोल की बराबरी पर रही और इस मैच का फैसला शूटआउट पद्धति से किया गया जिसमें राजनांदगांव ने संकल्प अकादमी कवर्धा को 4-1 गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। राजनांदगांव का आज दूसरा मैच जिला हॉकी कवर्धा के साथ खेला गया जिसमें जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने कवर्धा को 2-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में संकल्प अकादमी कवर्धा को पराजित कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की टीम में शकील अहमद, मनीष यादव (मुसी) मिथलेश पंड्या, खुशाल यादव, संदीप ठाकुर, आदित्य मेश्राम, संदीप यादव, खेमराज सिंहा,सोनू निषाद,सुखदेव निर्मलकर, कोच प्रतीक तिवारी,तौफीक अहमद मैनेजर के रूप में शामिल थे।

### युवा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा की युवा मंडल की कार्यकारिणी



घोषित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सिंह के निर्देश पर जिला अध्यक्ष विवेक सिंह राजपूत ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें चंदन राजपूत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सुधीर सिंह युवा मंडल के महामंत्री बनाए गए है। यशवंत सिंह को उपाध्यक्ष, जयराज सिंह गहरवार को कोषाध्यक्ष तथा जयंत सिंह राजपूत को सांस्कृतिक प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रिंस राजपूत को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया है।

### एक दौड़ झूलेलाल साई के नाम की तैयारी जोरों पर

**राजनांदगांव** सिंधी पंचायत युवा विंग के द्वारा एक दौड़ झूलेलाल साई के नाम कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को प्रातः 6 बजे से किया जा रहा है



जिसमें 3 किलोमीटर 5 किलोमीटर व सबसे लंबी 10 किलोमीटर दौड़ में प्रतिभागी शामिल होंगे। राजनांदगांव सिंधी समाज के द्वारा यह तीसरा वर्ष कार्यक्रम का होगा इसके पूर्व में 2 वर्ष सफलता पूर्वक कार्यक्रम के आयोजन के बाद इस वर्ष राज्य स्तरीय स्तर पर इस दौड़ को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग सभी शामिल होने जा रहे हैं। इसी कार्यक्रम के लिए 27 दिसंबर को रिद्धि सिद्धि कॉलोनी में सिंधी समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कार्यक्रम संबंधी पंपलेट का विमोचन किया गया जिसमें रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समाज की एकता को बढ़ावा देगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि करेगा। साथ ही इस दौड़ में 100000 रुपए तक का पुरस्कार, मेडल व अन्य ट्रॉफी से भागीदार एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त बैठक में सिंधी पंचायत युवा विंग से लक्की रूपवानी, आशीष वाधवानी, संतोष मोटलानी, विक्की गंगवानी, दीपक तोतवानी, राजेंद्र पंजवानी, शंकर ज्ञानचांदनी, बृजलाल वाधवानी ,घनश्याम गंगवानी, विक्की वाधवानी व बड़ी संख्या में महिलाएं एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### गोड़ समाज की बैठक में कई निर्णय

**राजनांदगांव।** जिला आदिवासी गोड़ समाज की बैठक गोड़ सदन में आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष नीलकंठ गोड़ ने समाज के विकास को लेकर विचार विमर्श किया। समाज की एक कौसिंल तैयार कर मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। जिसका सभी मुड़ादार और तहसील अध्यक्षो ने समर्थन किया। बैठक में कुंवार सिंह मंडावी, कन्हैया ठाकुर, रामानंद उइके, जितेन्द्र पड़ौती, डुमन तुमरेकी, संत प्रसाद ,तुमरेवी, विजय पडौटी, बंसत मरकाम, रमेश मंडावी, कृपा बड़ईके, दिलीप नेताम, दिलीप ठाकुर, वीरू सोरी, केवल सिंह सोरी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। उक्त जानकारी रमेश तिवारी गोड़ ने दी।

### श्रीकृष्ण के सजीव झांकियों का दर्शन आज से

**राजनांदगांव।** आओं हम सब संस्कारधानीवासी भगवान श्री कृष्ण के सजीव झांकियों के दर्शन करें। 30 दिसम्बर से दोपहर 3:30 बजे शुरू होने वाली ब्राम्हणनायक श्री कृष्ण के लीलाओं का दर्शन और श्रवण करें



कस्तुरबा महिला मंडल में शुरू होने वाली लीला में रूप के दर्शन गुणों के वर्णन एवं श्री वृंदावन धाम के दर्शन करें। रासधारियों कि 21 ब्रजवासियों की टोली शहर में पधार चुकी है। लीला के प्रथम दिन मंगलवार को सक्कुबाई चरित्र भगवान की लीला दिखाई जायेगी। शहर में यह ब्रजवासियों का निरंतर तीसरा वर्ष होगा जो कि श्री युगल उपासक उत्सव मंडल की शाखा द्वारा कराया जा रहा है। यह लीला बहुत ही शुभ और भक्तिमय आयोजन है जो कि मनुष्य को अध्यात्मीक शांति और आनंद प्रदान करती है। श्री युगल उपासक मंडल के संयोजिका श्रीमति आशा रामावतर अग्रवाल बिलासपुर ने अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में लुप्त होती धार्मिक रामलीला एवं रासलीला के पूरे प्रदेश के मुख्य शहरों में वर्ष में एक बार इस लीला का मंचन करने का बीड़ा उठाया है और बिना किसी नाम व स्वार्थ के कई वर्षों से अपने लगन से इस कार्य में लगी हुई है ताकि वृन्दावन के गरीब ब्रजवासियों कि लीलाओं का दर्शन व आनंद प्रदेशवासी लेते रहें है। आयोजन कि मुख्य आयोजक की किरण अग्रवाल और पूरे मंडल की ओर से कस्तुरबा महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रहरि महिला मंडल के साथ-साथ ही कौसधंय महिला पद्मावत राजपूत, गुजराती गौड़ ब्राम्हण समाज, बागेश्वर धाम मंदिर, महेश्वरी महिला, वसुधा फाउंडेशन, खण्डेलवाल महिला, कच्छ व पटेल महिला मंडल के साथ-साथ ही अन्य सभी महिला मंडलों से रासलीला में शामिल होकर दर्शन लाभ लेने और अपने जीवन को कृतांत करने अपील की है। वृंदावन के ब्रजवासियों कि पूरी रासलीला टोली सुबह 11 बजे भगवान श्री कृष्ण व राधारानी अपने पूरे श्रृगांर के साथ रामाधीन मार्ग निवासी रेखा राजेश अग्रवाल के यहां अपने चरण पधारेंगे फिर रासलीला भी करेंगे और भोग प्रसादी आरती पूजा होगी।

## सीसी रोड बनना है खुज्जी विस में, मुरूम की तस्करी मोहला मानपुर से

# मुरूम की तस्करी के लिए एकलव्य विद्यालय की दीवार में चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राजस्व और खनिज विभाग के संरक्षण में खनिज माफियों के हौसले इतने बुलंद है कि मुरूम की तस्करी के लिए बालक बालिकाओं के संवेदनशील माने जाने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की विशालकाय दीवार को ही तोड़ डाला गया है। इधर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंबागढ़ चौकी नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए बनाई जा रही सीसी रोड निर्माण में मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा के राजस्व भूमि से सैकड़ों ट्रिप मुरूम की तस्करी कर ली गई है।

मामले में जहां सैकड़ों ट्रिप मुरूम की रॉयल्टी के रूप में शासन को चूना लगाया गया है वही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की सुरक्षा में ठेकेदार के मरूम तस्करों ने बुलडोजर चला दिया है। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी चौक से अस्पताल तक 49 लाख रुपए के लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य में भारी अनियमितता के साथ-साथ आवासीय विद्यालय एकलव्य में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा में सेंद मारने की बेहद संगीन मामला उजागर हुआ है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंबागढ़ चौकी नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीसी रोड निर्माण के लिए बीते कई दिनों से दर्जनों हाईवा वाहनों के माध्यम से मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के गोपलिनचुआ गांव के सरहद में स्थित पहाड़ी खोदकर दिन-रात अवैध मुरुम उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा उत्खनन बिना किसी वैध अनुमति और बिना रॉयल्टी चुकाए किया जा रहा है, जिससे शासन को अब तक लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो चुका है।

#### बाउंड्री वॉल में चला बुलडोजर

सीसी रोड निर्माण में खेत और गड्ढे को पाटने गोपलिनचुआ गांव के राजस्व भूमि से वन विभाग के पहाड़ी सीपीटी तक वैध मुरूम खोद कर जहां लाखों रुपए की रॉयल्टी चोरी की गई है वही खनिज माफियाओं ने बिना किसी प्रशासनिक आदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का बाउंड्री बाल को बुलडोजर से तोड़ दिया है बताया गया कि यहां 400 बालिका और 400 बालक संयुक्त विद्यालय में अध्यनरत है जिनकी सुरक्षा पर बेहद बडा सेंद लगाया गया है जिसके कारण यहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं असुरक्षित हो गए हैं।

#### दी गई जानकारी

मोहला एवं मानपुर का संयुक्त आवासीय विद्यालय एकलव्य आदर्श विद्यालय भवन के अभाव में अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है यहां पदस्थ प्राचार्य थान सिंह कारटे तथा प्रमोद प्रकाश ने दीवार तोड़े जाने की जानकारी उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को बता चुके हैं परंतु मुरूम की तस्करी के लिए शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर अब तक अधिकारी किसी भी तरह का एक्शन नहीं ले पाए हैं।

#### मना किया गया

ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा के सरपंच सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि पोकलेन मशीन से राजस्व भूमि से मुरुम खोदने की जानकारी मिलने पर उनके द्वारा मना किया गया परंतु खनिज माफियाओं द्वारा उनकी अनदेखी करते हुए बेधड़क होकर सैकड़ों ट्रिप मुरुम का खनन कर लिया गया।

#### कांग्रेसी के लिए भाजपा नेता करवा रहा है तस्करी

चोर चोर मौसेरा भाई का कहावत यहा चरितार्थ हो रहा है 49 लाख रुपए की लागत से बन रहे सीसी रोड निर्माण का ठेका दुर्ग के किसी बघेल को दिया गया है जो अपने आप को कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताता है जिसके लिए अवैध मुरूम खुदवाने का जिम्मा मोहला निवासी एक भाजपा नेता के द्वारा कराने की बात ग्रामीणों ने बताई। इधर निर्माण के आड़ में खेत और गड्ढे को पाटने अवैध रूप से पहाड़ी को खोदकर मुरूम निकाला जा रहा है।

### बालिका संप्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता शिविर



**राजनांदगांव।** कानूनी अधिकारों को लेकर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) अमित जिन्दल लगातार विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जागरुक कर रहे हैं। उन्होंने बालिका संप्रेक्षण गृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करते हुए कानूनी अधिकारों को लेकर बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72 के तहत ब्लात्कार पीडित का नाम, पहचान का मुद्रण या प्रकाशन करना 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है। यदि धारा 72 में निर्दिष्ट मुद्रण या प्रकाशन न्यायालय की कार्यवाही के संबंध में न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना किया जाये तो वह धारा 73 के तहत 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है।

श्री जिन्दल ने बताया कि किसी महिला को विवाह या अयुक्त संभोग के लिए विवश या विलुब्ध करने के आशय से अपहरण या व्यपहरण करने पर धारा 87 के तहत 10 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डनीय अपराध है।

## बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर प्रीमियम लीग का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में क्षेत्र के युवाओं ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



चार दिवसीय टूर्नामेंट के आयोजन पर प्रथम दिन अतिथि के तौर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने फीता काट कर मैदान में खेल शुरू कराया। आयोजन में डॉ बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के प्रिंसिपल कैलाश शर्मा, विहिप के नंदूराम शर्मा, अनूप श्रीवास, योगेश बागड़ी, त्रिगुण सदानी, शिव वर्मा तथा सोमेश शर्मा भी अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस भव्य चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन समापन अवसर पर अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह,मोनू बहादुर,पार्षद शेखर यादव,पार्षद राजेश यादव,पार्षद मोहन सिन्हा,पूर्व पार्षद देवशरण सेन,मंडलों के अध्यक्ष गोलु गुप्ता,सुमित भाटिया,आर्किटेक संघ के अध्यक्ष नवीन साहू,प्रखर श्रीवास्तव,सज्जन ठाकुर ने उत्साह वर्धन किया

#### आईपीएल की तर्ज पर आयोजन

बसन्तपुर प्रीमियम लीग पूरी तरह आई पी एल के तर्ज पर हुआ। जिसमे 104 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी का ऑक्सन किया गया, जिससे 8 टीमें बनी। फायनल मैच बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन कप्तान कृष्णा नागवंशी और चंद्रशेखर आजाद इलेवन कप्तान ईश्वर साहू के मध्य खेला गया। पहले बेटिंग करते हुए 10 ओवरों में चंद्रशेखर आजाद इलेवन के खिलाड़ियों ने 127 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया उसका पीछा करने उतरी बाबा साहेब अंबेडकर इलेवन के खिलाड़ियों ने भी लगातार चौके छक्के लगाते हुए आखरी ओवर में रोमांक जीत हासिल की और विजेता टीम बन टूनामेंट को अपने नाम किया।

## हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष जिले के हस्तशिल्पियों से हुई रूबरू



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान वे जिले के हस्तशिल्पियों से रूबरू हुई और उनसे हस्तशिल्प से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव में हस्तशिल्पियों से भेंट किया और शिल्पियों को अधिक विपणन करने हेतु प्रोत्साहित किया। श्रीमती शालिनी राजपूत ने अधिकारियों को शिल्पियों को नियमानुसार वन विभाग से रियायती दर पर बांस एवं लकड़ी उपलब्ध कराने तथा उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## कथावाचकों के खिलाफ टिप्पणी से भड़का आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री को लेकर की गई टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ सनातन विरोधी होने को लेकर आक्रोश भड़का हुआ है। जिसके तहत आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहर के दिग्विजय महाविद्यालय के सामने भूपेश बघेल का पुतला जलाया। इस दौरान भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव मुर्दाबाद के नारे लगाए।

भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने बताया कि सनातन धर्म के ध्वजवाहक व बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तथा कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के व्यक्तित्व को लेकर कांग्रेस नेताओं के द्वारा लगातार अनर्गल व स्तरहीन बयान बाजी की जा रही है जिससे पूरा सनातन धर्म आक्रोशित और उद्वेलित है।

#### जनता सिखाएगी सबक

भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि रामराज्य के लिए कटिबद्ध साधू संतजनों पर भूपेश बघेल और उनके नेताओं ने स्तरहीन की परिकाष्ठा को लांघ दिया है हमारे आराध्य प्रभु के अस्तित्व को सदैव नकारने वाले प्रदेश में अराजकता फैलाने का कुतर्क कर रहे है उन्हें जनता समय आने पर जरूर सबक सिखाएंगी।

#### भाजयुमो नेता रहे उपस्थित

उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंग भाटिया, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता (गोलू), प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समीर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मंत्रीगण- चिन्टू सोनकर, उज्ज्वल कसेर, ज्ञानेश गुप्ता, पार्षद संजू बघेल, कोषाध्यक्ष कमलेश प्रजापति, यश पारख, शहर महामंत्रीद्वय द. आशीष जैन,प्रहलाद सिन्हा, महामंत्री उ. आदित्य पराते, शहर उपाध्यक्षगण- हिमांशु सोनवानी, सुवितेश श्रीवास्तव, आशु कसार, अभिषेक यदु, अरविंद बैद, मंत्रीगण- जैकी सोनकर, अमितेश झा, संभव बैद, आशीष सिन्हा, विकास साहू,राजा स्वर्णकार, आशीष सोरी, सौरभ राजपूत, रोहित सिन्हा, प्रिंस राजपूत, हर्ष चौधरी, अंजनेय शर्मा, दामन पदम सहित भाजयुमो के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मनरेगा समाप्ति की साजिश, कांग्रेस करेगी आंदोलन

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार स्वर्णिम इतिहास से भरी कांग्रेस पार्टी कल 28 दिसंबर को अपना 140वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार जिला मुख्यालय में गरिमामय आयोजन की तैयारी में हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने स्थापना दिवस एवं वीबीजी रामजी योजना के लिए होने वाले ग्राम सभाओं में जनजागरण हेतु ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त किए हैं। राजनांदगांव रमेश खंडेलवाल, डोंगरगढ़ ग्रामीण दुर्गेश द्विवेदी, शहर महेंद्र यादव, डोंगरगांव पंकज बांधव, एलबी नगर चुम्मन साहू (छुरिया), छुरिया वीरेंद्र बोरकर, कुमरदा बलिराम साहू, घुमका अंगेश्वर देशमुख है। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला अध्यक्षद्वय जितेंद्र मुदलियार एवं विपिन यादव ने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार मांग आधारित रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को समाप्त करने की साजिश की है। भाजपा की केंद्र सरकार तो इस योजना की पहली सीढ़ी ग्रामसभा के आयोजन में ही फेल हो गई है।